नई दिल्ली
गुरुवार, 28 मार्च 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 27, अंक : 351
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 33
न्यून. 18


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

## दूसरे चरण के लिए अधिसूचना आज



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया गुरुवार 28 मार्च से शुरू होगी, जब भारत निर्वाचन आयोग इस चरण के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी करेगा। पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का बुधवार को आखिरी दिन था। बिहार में 28 मार्च तक दाखिल किए जाएंगे।

## सीयूईटी यूजी पंजीयन की तारीख 31 मार्च तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट यानी सीयूईटी यूजी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 26 मार्च थी, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। जो छात्र 26 मार्च तक अपना पंजीकरण नहीं कर सके थे वह 31 मार्च रात 9:50 तक इस प्रोसेस को पूरा कर सकते हैं। इच्छुक छात्रों को रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की।

### पीएम ने पश्चिम बंगाल की भाजपा उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय से फोन पर की चर्चा

# मोदी बोले: ईडी के जब्त 3000 करोड़ रुपए गरीबों को 'लौटाएंगे'

**इससे** पहले मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की थी

**पीएम ने** विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल के लोग राज्य में बदलाव के लिए मतदान करेंगे

पीएम ने कहा कि बंगाल की लड़ाई दो खेमों में बंट गई है। एक हमारा खेमा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। वहीं दूसरा खेमा है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हो रहा है। दूसरे खेमे की प्राथमिकता देश को बचाना नहीं बल्कि सत्ता को बचाना है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय से फोन पर चर्चा की। बातचीत में पीएम ने अमृता से उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों के बारे में जाना।

पीएम ने उन्हें बताया कि वे उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सकें कि बंगाल के गरीबों से लूटा गया 3 हजार करोड़ रुपए, ईडी की ओर से भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई संपत्ति के जरिए उन्हीं लोगों को लौटाया जाए। पीएम ने अमृता रॉय से कहा कि यह बात सभी को बताएं। अमृता रॉय पूर्व राजघराने की सदस्य हैं। वे टीएमसी की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ मैदान में हैं। एक दिन पहले मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की थी। गौरतलब है, भाजपा ने 2019 में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल की थी।



अमृता पूर्व राजघराने की सदस्य, वे टीएमसी की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ मैदान में

### टीएमसी का आरोप: अमृता के परिवार ने अंग्रेजों का साथ दिया

कृष्णानगर सीट से भाजपा ने शाही परिवार की राजमाता अमृता रॉय को चुनावी मैदान में उतारा है। रॉय का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की कद्दावर नेता और लोकसभा से निलंबित सांसद महुआ मोइत्रा से होना है। ऐसे में टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। टीएमसी अमृता रॉय पर अंग्रेजों का साथ देने का आरोप लगा रही है।

## टीएमसी के आरोप पर पीएम ने कहा...

### वर्तमान पाप को छिपाने के लिए विरोधी ऐसी बातें ढूंढते रहते हैं

राजमाता रॉय ने पीएम से कहा कि कुछ लोग अंग्रेजों का साथ देने का आरोप लगा रहे हैं। हमारे दान और अच्छे कामों के बारे में कोई नहीं बोल रहा है। अमृता रॉय ने कहा कि ऐसा सिराजुद्दौला की प्रताड़ना की वजह से किया। अगर महाराजा ने ऐसा नहीं किया होता तो क्या हिंदू धर्म बच पाता? क्या सनातन धर्म बच पाता? नहीं। अगर ऐसा है तो हम ये क्यों नहीं कह सकते कि महाराजा ने हमें सांप्रदायिकता विरोधी हमले से बचाया। इस पर पीएम मोदी ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम लोगों को बचपन में जो पढ़ाया जाता था, उसमें कृष्ण चंद्र रॉय के सामाज सुधारकता का पाठ, बंगाल के विकास के बारे में होता था। यह लोग पुरानी बातें सामने लाएंगे और बदनाम करने का प्रयास करेंगे। अपने वर्तमान पाप को छिपाने के लिए ऐसी बातें ढूंढते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने अमृता से कहा कि आपके सामने बंगाल की विरासत को बचाने की चुनौती है। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल की लड़ाई दो खेमों में बंट गई है। एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *संदेशखाली पीड़िता और उम्मीदवार रेखा पात्रा से पीएम ने कहा, आप शक्ति स्वरूपा*



*पीएम मोदी ने बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखाली पीड़िता रेखा पात्रा से भी फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने उनसे चुनावी तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों की जानकारी ली। रेखा पात्रा ने संदेशखाली में महिलाओं की कठिनाइयों के बारे में बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने रेखा पात्रा को शक्ति स्वरूपा बताया। पीएम मोदी और रेखा पात्रा की यह बातचीत नमस्कार से शुरू होती है। प्रधानमंत्री सबसे पहले पूछते हैं कि इस समय कैसा लग रहा है? इस पर रेखा कहती हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है। आपका हाथ मेरे सिर पर है। आप हमारे लिए भगवान समान हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि राम जी हमारे साथ हों। यह सुनकर* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### धनखड़ को दिल्ली का जिम्मा

## भाजपा ने कैप्टन अभिमन्यु को असम लोकसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कैप्टन अभिमन्यु

- भाजपा ने 13 राज्यों के 18 प्रभारी/सह प्रभारी नियुक्त किए

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए असम में पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु को असम में पार्टी का चुनाव प्रभारी बनाकर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। असम में कुल 14 लोकसभा सीटें हैं। भाजपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि तीन सीटें गठबंधन के तहत सहयोगी दलों को दी गईं हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की नौ सीटों पर कब्जा जमाया था। पार्टी ने हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओपी धनखड़ को दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाया है जबकि डॉ. अलका गुर्जर को सहप्रभारी का प्रभार दिया गया है। पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और पूर्व सांसद संजय भाटिया को यूपी में सहप्रभारी नियुक्त किया है। विधायक नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी पार्टी ने दी है। सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को महाराष्ट्र में चुनाव प्रभारी तथा पूर्व सांसद जयभान सिंह पवैया को सहप्रभारी बनाया गया है।

### लिस्ट में झारखंड और मध्य प्रदेश से तीन-तीन, जबकि तेलंगाना और यूपी से चार-चार प्रत्याशियों के नाम

## कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की आठवीं सूची, 14 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार रात 4 राज्यों के 14 प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। इसमें झारखंड में खुंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत, हजारीबाग सीट से जय प्रकाशभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा तेलंगाना में आदिलाबाद से डॉ. सुगुन कुमारी चेलीमला, निजामाबाद से ततीपति जीवन रेड्डी, मेडक से नीलम मधु, भोनगीर से चमला किरण कुमार रेड्डी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने डॉली शर्मा को गाजियाबाद और शिवराम वाल्मीकि को बुलंदशहर से अपना लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा पार्टी ने नकुल दुबे को सीतापुर और वीरेंद्र चौधरी को महाराजगंज से मैदान में उतारा है।

इसमें मध्य प्रदेश के गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने राव यादवेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं विदिशा में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के सामने प्रताप भानु शर्मा को टिकट दिया है। जबकि दामोह से तारवीर सिंह लोधी को ▶▶ शेष पेज 5 पर

# वसंत एनआईए के तो पीयूष होंगे एनडीआरएफ के डीजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने आईपीएस सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का महानिदेशक नियुक्त किया है। आईपीएस पीयूष आनंद को एनडीआरएफ का नया डीजी और आईपीएस राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो का महानिदेशक बनाया गया है। गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भी मंजूरी दे दी है।




सदानंद वसंत



पीयूष आनंद

### 31 दिसंबर 26 तक डीजी रहेंगे वसंत

केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आईपीएस सदानंद वसंत को 31 दिसंबर 2026 तक राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। सदानंद वसंत मौजूदा एनआईए महानिदेशक दिनकर गुप्ता की जगह लेंगे। बता दें कि दिनकर गुप्ता 31 मार्च ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दिग्गजों को 'बदजुबानी' पड़ी भारी

## सुप्रिया और दिलीप घोष को चुनाव आयोग का 'नोटिस'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- दिलीप को भाजपा ने भी कारण बताओ नोटिस दिया

बदजुबानी पर कांग्रेस की सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा के दिलीप घोष को चुनाव आयोग ने नोटिस थमाया है। एक तरफ अगर सुप्रिया के खिलाफ भाजपा चुनाव आयोग के पास गई, तो वहीं दिलीप के बयान पर टीएमसी ने आपत्ति दर्ज करवाई थी। अब दोनों ही नेताओं को बदजुबानी की कीमत चुकानी पड़ी है, चुनाव आयोग ने नोटिस देकर सफाई मांगी है। सुप्रिया श्रीनेत भाजपा की मंडी उम्मीदवार और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। ये अलग बात है कि श्रीनेत ने दावा किया कि उनका अकाउंट हैक किया गया था और वो बयान उनकी तरफ से नहीं आया। दिलीप घोष की बात करें तो उनकी तरफ से ममता बेनर्जी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। उन्होंने एक बयान में कहा कि ममता गोवा जाकर कहती हैं कि वे वहां की लड़की है, त्रिपुरा जाकर कहती हैं कि वहां की लड़की हैं, वो ▶▶ शेष पेज 5 पर




# तीन बड़े सरकारी अस्पताल जीटीबी, एलबीएस और डीडीयू में पिछले छह साल में 6204 नवजातों की मौत

## आरटीआई अधिनियम के तहत दायर अलग-अलग आवेदनों के जवाब में उपलब्ध कराई जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के तीन प्रमुख अस्पतालों में बीते साढ़े छह साल में औसतन हर दो दिन में पांच नवजात शिशुओं ने दम तोड़ा। इस प्रकार इस अवधि में कुल 6204 नवजातों की मौत हुई। यह जानकारी जीटीबी के अलावा लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल और दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ने 'एक न्यूज एजेंसी' की ओर से सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर अलग-अलग आवेदनों के जवाब में उपलब्ध कराई है।

आवेदनों में जानकारी मांगी गई थी कि इन अस्पतालों में जनवरी 2017 से जुलाई 2023 के बीच कितने बच्चों का जन्म हुआ और कितने बच्चों की मौत हुई तथा मृत्यु के कारण क्या थे? लेकिन तीन में से दो अस्पतालों ने सिर्फ शिशुओं के जन्म और मृत्यु का आंकड़ा उपलब्ध कराया है और केवल एक अस्पताल ने मौतों का कारण भी बताया है।

### प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बावजूद अब तक एलएनजेपी ने नहीं दी जानकारी

दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पताल लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में भी आरटीआई के तहत आवेदन दायर कर बच्चों की मृत्यु की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन अस्पताल ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बावजूद अब तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। हालांकि अस्पताल ने जन्म लेने वाले बच्चों



की संख्या जरूर उपलब्ध कराई है। उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक, जीटीबी, एलबीएस और डीडीयू अस्पतालों में 79 महीने की अवधि के दौरान कुल 6204 नवजातों की मौत हुई जबकि इस दौरान इन अस्पतालों में 2,11,517 बच्चों का जन्म हुआ। इसके मुताबिक, इन तीनों अस्पतालों में हर महीने करीब 78 बच्चों की मौत हुई यानी हर दो दिन में पांच बच्चों की जान इन अस्पतालों में चली गई । यह एक हजार शिशुओं के जन्म पर 29.3 का औसत है जबकि दिल्ली सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में शिशु मृत्यु दर 2022 में 23.82 थी और 2021 में 23.60 थी।

### नवजात शिशु देखभाल केंद्रों के जरिए कम की जा सकती है मौतों की संख्या

गुरुग्राम और कोलकाता में नियोनेटोलॉजिस्ट एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक मित्तल ने कहा कि शिशुओं के जन्म के बाद सात दिन के अंदर मौत के लिए कम वज़न, समय पूर्व प्रसव और संक्रमण जैसे कारण जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने कहा कि इन मौतों की संख्या नवजात शिशु देखभाल केंद्रों के जरिए कम की जा सकती है और सरकार को हर पांच-सात किलोमीटर पर नवजात शिशु देखभाल केंद्रों की स्थापना करने पर ध्यान देना चाहिए। डॉक्टर मित्तल ने कहा कि 2020 के आंकड़ों के अनुसार, भारत की शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित बच्चों पर 28 थी और भारत शिशु मृत्यु दर के मामले में विश्व में 49वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में श्रीलंका, बांग्लादेश वियतनाम और भूटान जैसे देशों की स्थिति हमसे बेहतर है। जीटीबी अस्पताल ने आरटीआई आवेदन के जवाब में बताया कि जनवरी 2017 से जुलाई 2023 के बीच उसके यहां कुल 1,06,551 शिशुओं का जन्म हुआ जिनमें से 3958 (आईयूडी एवं मृत बच्चा पैदा होने के मामले) शिशुओं की मौत हुई। इस अस्पताल में नवजात शिशु मृत्यु दर करीब 37.1 थी। लेकिन जीटीबी ने न तो नवजातों की मृत्यु का कारण बताया और न ही उनके जन्म और मृत्यु का वार्षिक ब्यौरा दिया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में 79 महीने में 760 बच्चों की मौतें हुईं जबकि 48,573 शिशुओं का जन्म हुआ। इस प्रकार इस अस्पताल में औसत शिशु मृत्यु दर 15.6 रही। एलबीएस अस्पताल ने बताया कि उसके यहां 2017 में 7241 शिशुओं का जन्म हुआ जिनमें से 102 नवजात की मौत हो गई। वहीं, 2018 में जन्में 7593 में से 120, 2019 में 7224 में से 108, 2020 में 7506 में से 139, 2021 में 7023 में से 131, 2022 में 8036 में से 113 और 2023 में जुलाई तक जन्में 3950 शिशुओं में से 47 की मौत हो गई। जवाब के मुताबिक, अस्पताल ने बच्चों की मौत का केवल एक कारण 'प्रीनेटल एक्सफेसिया' बताया है। 'प्रीनेटल एक्सफेसिया' में शिशु के पैदा होने के वक्त उसे पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती जिससे उसका दम घुट जाता है। वहीं, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में जनवरी 2017 से जुलाई 2023 के बीच 1486 नवजातों की मौत हुई जबकि इस दौरान अस्पताल में 56,393 शिशुओं का जन्म हुआ। अस्पताल में शिशु मृत्यु दर 26.3 रही। अस्पताल ने अपने जवाब में बताया कि उसके यहां 2017 में 9660 शिशुओं का जन्म हुआ जिनमें से 213 की मौत हो गई। वहीं, 2018 में जन्में 9798 शिशुओं में से 138, 2019 में 10,748 में से 212, 2020 में 7432 में से 285, 2021 में 6358 में से 247, 2022 में 8266 में से 241 और जुलाई 2023 तक जन्मे 4131 शिशुओं में से 150 शिशुओं की मृत्य हो गई। इस अस्पताल ने शिशुओं की मौत का कोई कारण नहीं बताया है।

## खबर संक्षेप

### बिहार का कुख्यात अपराधी शूटआउट के बाद दबोचा

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने शूटआउट के बाद बिहार के एक कुख्यात बदमाश को अरेस्ट किया है। आरोपी का नाम अभिषेक कुमार बताया गया है। वह हत्या और आर्म्स एक्ट के कई केस में वांटेड था। पुलिस ने इसके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक के बारे में इनपुट मिला था, कि वह दिल्ली में कुछ अपराधियों के संपर्क में है। पता चला कि वह हथियार खरीदने और कुछ जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए दिल्ली एनसीआर में आता जाता है। 24 मार्च को उसके अक्षरधाम फ्लाई ओवर, नोएडा लिंक रोड पर आने का पता चला था। इसके बाद ट्रैप लगाया गया। रात करीब सवा नौ बजे संदिग्ध बाइक सवार को सरेंडर करने के लिए कहा गया। पुलिस को देख उसने भागने का प्रयास किया। उसी दौरान पुलिस के ऊपर फायरिंग का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में चोट लगी। इसके बाद उसे इलाज के

### ओएलएक्स पर बेच रहा था चोरी का मोबाइल, दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिमी जिले की पुलिस ने एक शातिर चोर को पकड़ा है। दरअसल आरोपी ओएलएक्स पर चोरी का मोबाइल बेचना चाहता था। पुलिस ने ग्राहक बनकर उसे दबोचा। उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी का नाम अवनीश राजू मुंधे (23) बताया गया है। वह रजोकरी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 11 मार्च को आरके पुरम सेक्टर 5, निवासी अभिनव कुमार ने किशनगढ़ थाने में मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज करायी थी। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई और साथ ही चोरी के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया गया। पुलिस को मोबाइल 24 मार्च को ओएलएक्स पर नजर आया, जिसे लेकर पुलिस ने नकली ग्राहक बनकर मोबाइल खरीदने के लिए संपर्क साधा।

## न्यू उस्मानपुर में बाइकर्स बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

# ताबड़तोड़ फायरिंग कर रेस्तरां मालिक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

न्यू उस्मानपुर इलाके में मंगलवार देर रात एक रेस्तरां मालिक की ताबड़तोड़ गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम संजय (32) बताया गया है। वारदात को तीन बाइकर्स बदमाशों ने अंजाम दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

शुरुआती जांच में सामने आया कि मृतक भी हत्या के मामले में आरोपी रह चुका था। माना जा रहा है कि बदला या रंजिश के चलते हत्या की गई। पुलिस के अनुसार संजय परिवार के साथ न्यू उस्मानपुर पहला पुश्ता गली नंबर 2, ए-ब्लाक में रहता था। उसके भाई विक्की ने पुलिस को बताया कि संजय का चौथे पुश्ते पर रेस्तरां



है। वह मंगलवार रात 11:40 बजे बार बंद कर मोटरसाइकिल पर घर के लिए निकला था। रात 12 बजे भाई के दोस्त ने फोन पर जानकारी दी कि उस्मानपुर दूसरे पुश्ते की सर्विस रोड पर हनुमान मंदिर वाली गली के पास किसी ने संजय को गोली मार दी है। संजय के सिर, दाएं कंधे, दायीं कोहनी और पेट में गोली लगी थी। मौके से सात खोखे, एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने शुरुआती छानबीन में पाया कि 2010 में पड़ोसी रविंद्र की हत्या के मामले में संजय समेत चार लोग आरोपी थे। संजय के परिवार में पत्नी अर्चना, बेटी, बेटा, दो भाई व अन्य सदस्य हैं। पुलिस हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर की थी डीटीसी मार्शल की हत्या

### करावल नगरः वारदात में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



करावल नगर इलाके में हुई डीटीसी बस मार्शल की हत्या के मामले का राजफाश उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने कर दिया है। केस में एक आरोपी अरेस्ट कर लिया गया है। इसका नाम राहुल (30) बताया गया है। अभी दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार 25 मार्च की दोपहर करीब सवा 12 बजे इस वारदात की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस करावल नगर इलाके में पहुंची थी। गंभीर रुप से घायल सतवीर (47) को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उसके दोनों हाथ और पैर में चोट थी। पहले पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 308 के तहत केस दर्ज किया था, लेकिन घायल ने इलाज के दौरान अगले दिन शाम को दम तोड़ दिया था, जिसके बाद केस में धारा 302 को भी शामिल कर लिया। मृतक सतवीर करावल नगर इलाके का रहने वाला था। वह डीटीसी में बतौर मार्शल नौकरी करता था। इस घटना के बाद आरोपी राहुल और सुनील फरार थे, जिनमें से पुलिस ने राहुल को अरेस्ट कर लिया। सतवीर पिछले दो सालों से सुनील की बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर किराए पर रह रहा था। राहुल सुनील का भतीजा है। राहुल पत्नी से अलग अपनी मां के साथ यहां रह रहा है। दूसरी तरफ सतवीर अविवाहित है और अकेले रहता था। 24-25 मार्च की दरम्यानी रात सतवीर फोन पर बात करते हुये अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। राहुल इस बात का विरोध करने ऊपर गया। इस बात पर सतीवर और राहुल के बीच बहस हो गई। तब सतवीर ने राहुल पर हमला कर दिया था। राहुल ने नीचे आकर सुनील को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद राहुल और सतवीर ने चौथी मंजिल पर पहुंचकर सतवीर पर रॉड और डंडे से हमला कर दिया था। इस मारपीट में सतवीर गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## महिला मित्र से झगड़े के बाद युवक की संदिग्ध हालात में मौत, पुलिस ने जताई सुसाइड की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। मृतक का नाम 23 वर्षीय पंकज सिंह नेगी बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस को शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि मृतक का अपनी महिला मित्र से झगड़ा हुआ था।

उसके बाद वह उसका फोन रिसीव नहीं कर रहा था। मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस के अनुसार यह घटना



25 मार्च को रात करीब 10 बजे सामने आई थी। मैदानगढ़ी पुलिस को राजपुर खुर्द एक्सटेंशन में एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर करीब 23 साल के एक व्यक्ति का अज्ञात शव जमीन पर पड़ा हुआ मिला था। पूछताछ में मृतक की पहचान पंकज सिंह नेगी निवासी चिराग दिल्ली के रूप में हुई।

पूछताछ में यह भी पता चला कि पंकज सिंह जीके-2 स्थित एक बार में बार टेंडर के रूप में काम करता था। वह अपनी महिला मित्र से मिलने आया था और अत्यधिक नशे में था। उनके बीच तीखी बहस हुई और वह वहां से चले गए थे। वहां से जाने के बाद उसने महिला मित्र का फोन भी नहीं उठाया था। अभी तक की पूछताछ में मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि आगे की पूछताछ जारी है।

## मर्सिडीज कार से ड्रग तस्करी में इंटरनेशनल लेवल के रेसलर समेत दो गिरफ्तार

### 10 लाख से ज्यादा कीमत की चरस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ड्रग रैकेट में शामिल दो लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें एक आरोपी इंटरनेशनल लेवल का रेसलर रह चुका है। इसके पास से साढ़े तीन सौ ग्राम चरस और एक मर्सिडीज कार जब्त की गई है। बरामद चरस की कीमत 10 लाख से ज्यादा बताई गई है।

एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार 27 फरवरी को इस सिंडिकेट के बारे में इनपुट मिला था। बताया गया कि कुछ लोग कूल्लू, हिमाचल प्रदेश से चरस खरीद उसे



दिल्ली एनसीआर के अलग अलग हिस्सों में सप्लाई करते हैं। पुलिस की एक टीम ने आउटर रिंग रोड पर वजीराबाद फ्लाईओवर के नजदीक ट्रेप लगा मर्सिडीज कार सवार दो लोगों को रोका। इनके नाम सिविल लाइंस निवासी हनुमंत (30) व जामिया नगर निवासी अदनाल अहमद (32) पता चलें। इनके पास से दो पाउच में 350 ग्राम चरस बरामद हुई। इंटरनेशनल मार्किट में इस ड्रग की कीमत 10 लाख से ज्यादा आंकी गई है। हनुमंत से पूछताछ में पता चला कि वह जयपुर से ग्रेजयूएट है। वह जूनियर इंटरनेशनल लेवल पर रेसलिंग में हिस्सा ले चुका है। उसने राष्ट्रीय स्तर पर भी सुपर हैवी वेट कैटगरी में भाग लिया था। साल 2014 में प्रतियोगिता के दौरान उसे गंभीर चोट आई जिस कारण उसे गेम छोड़ना पड़ा। बाद में गलत संगत में पड़कर वह ड्रग के धंधे में शामिल हो गया। दूसरा आरोपी कार मैकेनिक के तौर पर काम करता है। लॉकडाउन के दौरान वह हनुमंत के संपर्क में आया और कम वक्त में ज्यादा कमाई की चाहत में वह इस धंधे से जुड़ा। पुलिस को शक न हो इसलिए मर्सिडीज कार से ड्रग की सप्लाई करते थे।


## अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) तरूण शिएनह, पुत्रः** दिनेश शिएनह, **पिताः** 3/18/4एफ, ब्लॉक–3, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली, **(2) रेखा शिएनह, पत्नीः** तरूण शिएनह, **पताः** 3/18/4एफ, ब्लॉक–3, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली, **(3) चरणजीत सिंह धानी, पुत्रः** दलीप सिंह धानी, **पताः** 245, सुखदेव विहार, दिल्ली ने **FIR No. 331/2017, दिनांक 12.09.2017, U/s 420/34 IPC, थानाः गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) तरूण शिएनह, (2) रेखा शिएनह, (3) चरणजीत सिंह धानी** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) तरूण शिएनह, (2) रेखा शिएनह, (3) चरणजीत सिंह धानी** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 331/2017, दिनांक 12.09.2017, U/s 420/34 IPC, थानाः गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) तरूण शिएनह, (2) रेखा शिएनह, (3) चरणजीत सिंह धानी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री हिमांशी त्यागी**
**महानगर दण्डाधिकारी (पूर्व)**
**कमरा नंबर 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/3505/ED/2024
(Court Matter)


दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा धन शोधन का मामला

## दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा धन शोधन का मामला

# बीआरएस नेता के कविता की तिहाड़ जेल में पहली रात, जेल का खाना परोसा गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल में पहली रात में जेल का खाना परोसा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, कविता ने अपनी पहली रात महिलाओं के लिए निर्धारित-जेल नंबर छह में दो अन्य महिला कैदियों के साथ बिताई। जेल के एक सूत्र ने कहा कि कविता ने दाल और चावल खाया, जो मंगलवार रात अन्य कैदियों को भी परोसा गया। बुधवार सुबह उन्होंने चाय के साथ नाश्ता लिया। कविता को मंगलवार शाम को तिहाड़ जेल ले जाया गया।

दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने याचिका में कहा था कि यदि 'बेहद प्रभावशाली' कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किये जाने की आशंका है। सूत्र ने बताया कि चिकित्सकीय जांच



■ जेल नंबर छह में दो अन्य महिला कैदियों के साथ बिताई रात

के बाद कविता को उनकी कोठरी में भेज दिया गया। चिकित्सकीय जांच के दौरान उनका रक्तचाप थोड़ा कम था लेकिन बाद में यह सामान्य हो गया। सूत्र ने बताया कि कविता को जेल नियमावली के अनुसार एक गद्दा, चप्पल, कपड़े, एक चादर और एक कंबल दिया गया, साथ ही उन्हें दवाएं भी प्रदान की गईं। एक अधिकारी ने बताया कि कविता ने कुछ खास चीज की मांग नहीं की और उन्हें अदालत के आदेश और जेल नियमावली के अनुसार चीजें प्रदान की जाएंगी। अदालत के आदेश के अनुसार, कविता को घर का बना खाना लेने, एक गद्दा, चप्पल, कपड़े, एक बेडशीट, एक कंबल, किताबें, कागज-कलम और दवाएं रखने की अनुमति है। बीआरएस नेता को आभूषण पहनने की भी अनुमति है। अधिकारी ने कहा कि हालांकि, जब वह जेल आईं तो उन्होंने कोई आभूषण नहीं पहना था। एक अधिकारी ने कहा कि चाय, भोजन करने और टेलीविजन देखने का समय उनके लिए अन्य कैदियों के समान ही है। अधिकारी ने कहा कि कविता तिहाड़ जेल के पुस्तकालय जा सकती हैं, जो सभी कैदियों के लिए खुला है। बीआरएस नेता कविता (46) को ईडी ने 15 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। वह 10 दिन तक ईडी की हिरासत में थीं। अधिकारियों ने कहा कि तिहाड़ जेल परिसर में जेल नंबर छह में करीब 500 महिला कैदी हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बाद कविता तीसरी नेता हैं जो आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में हैं। सिसोदिया जेल नंबर एक में हैं, वहीं सिंह जेल नंबर दो में हैं। आप नेता सत्येन्द्र जैन जेल नंबर सात में बंद हैं। जैन को धन शोधन के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

### घोषणा

नीचे वर्णित पद हेतु आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट / विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सहायक पर्यावरणीय अभियंता (ग्रुप-बी) | 24/2023 और शुद्धिपत्र दिनांक 22.08.2023 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 07.04.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक |
| 2. | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा में वैटरीनरी सर्जन | 41/2022 और शुद्धिपत्र दिनांक 22.02.2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 07.04.2024 अप. 2.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक |

उम्मीदवारों को 30.03.2024 से आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से अपने प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त पदों हेतु आवेदन कर चुके सभी उम्मीदवारों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिये अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणी :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**पंचकूला**

**दिनांक : 27.03.2024**
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/248/2024/26045/88/7 दि. 27.03.24



**प्रपत्र जी**

**मुम्बई में रियल एस्टेट बिजनेस में प्रचालन करने वाली श्वेता हाउसिंग एंड हॉस्पिटेलिटी प्राईवेट लिमिटेड हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**

(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के नियमन 36ए (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया) नियमनों, 2016)

**सम्बद्ध विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट कर्जदार के नाम सहित पैन/सीआईएन/एलएलपी नं. | श्वेता हाउसिंग एंड हॉस्पिटेलिटी प्राईवेट लिमिटेड CIN: U70100MH2007PTC170053 PAN: AAKCS9010K |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | शर्मा बंगलो, हीरानंदानी कॉम्प्लैक्स, बीएचडी लेक कैसल व्यू बिल्डिंग, पोवाई, मुम्बई सिटी, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत, 400076. |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | https://shhpl.stellarinsolvency.com/ |
| 4. | स्थान जहां फिक्सड असैट्स की बहुलता स्थित है, का विवरण | एकमात्र असैट : गांव जोनापुर, तहसील महरौली, नई दिल्ली के राजस्व सम्पदा में स्थित फार्म हाउस |
| 5. | मुख्य उत्पाद/सेवाओं की स्थापित क्षमता | एन/ए |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | एन/ए, कम्पनी में प्रचालनों से कोई राजस्व नहीं है, जैसा कि 31.03.2023 के अनुसार इसके वित्तीय विवरणों से जाहिर है। |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | कॉर्पोरेट कर्जदार के प्रबंधन से कोई जानकारी प्राप्त नहीं है |
| 8. | पिछले दो वर्ष के अन्तिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित), क्रेडिटर्स की सूचियां, प्रक्रिया की अनुवर्ती घटनाओं हेतु सम्बद्ध तिथियों समेत अधिक विवरण उपलब्ध हैं : | विवरण हेतु, कृपया सम्पर्क करें : shwetahousingandhospitality@gmail.com Visit website: https://shhpl.stellarinsolvency.com/ |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत प्रस्ताव आवेदकों के लिए पात्रता उपलब्ध है : | विवरण हेतु, कृपया सम्पर्क करें : shwetahousingandhospitality@gmail.com Visit website: https://shhpl.stellarinsolvency.com/ |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि | 08 अप्रैल 2024 |
| 11. | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अंतरिम सूची जारी होने की तिथि | 12 अप्रैल 2024 |
| 12. | अंतरिम सूची के लिए आपत्तियां जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 17 अप्रैल 2024 |
| 13 | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की अन्तिम सूची के जारी होने की तिथि | 18 अप्रैल 2024 |
| 14 | प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजनाओं के लिए आग्रह और मैमोरेंडम, मूल्यांकन मैट्रिक्स जानकारी जारी होने की तिथि | 20 अप्रैल 2024 |
| 15 | प्रस्ताव योजनाओं को जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि | 21 मई 2024 |
| 16. | ईओआई जमा करवाने के लिए प्रक्रिया ई-मेल आईडी | shwetahousingandhospitality@gmail.com |

हस्ता/-
श्री अनूप कुमार सिंह
अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर
IBBI Regn No.:- IBBI/IPA-001/IP-P00153/2017-2018/10322
एएफए वैध : 23.12.2024 तक
सुइट 1बी, प्रथम तल, 22/28ए, मनोहरपुकुर रोड, देशोप्रिया पार्क, कोलकाता-700029

स्थान : कोलकाता, दिनांक : 28.03.2024 कृते श्वेता हाउसिंग एंड हॉस्पिटेलिटी प्राईवेट लिमिटेड-सीआईआरपी के तहत

## खबर संक्षेप

### राजधानी में हल्की बारिश हुई दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में मौसम के बदलते मूड और बारिश ने राजधानी के किसानों के माथे पर परेशानी की लकीरें खींच दी है। बुधवार को दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज हुई। वहीं अगले दो तीन हल्की बारिश की खबरों ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। क्योंकि इस समय दिल्ली एनसीआर में गेहूं की फसल पूरी तरह से तैयार खड़ी, और आने वाले 5-10 दिन के बाद कटाई शुरू होने वाली है। ऐसे में अगर मौसम की बेरुखी से बारिश हुई तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस बारे में भारतीय मौसम विभाग केंद्र (आईएमडी) का अनुमान है कि अगले दो तीन दिन दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। जबकि बुधवार व इससे पहले रविवार को भी दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज हो चुकी है। ऐसे में किसानों का परेशान होना लाजिमी है। बता दें गत वर्ष 20 मार्च 2023 को दिल्ली में भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया था। आईएमडी के अनुसार 28-29 को बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है।

### एमसीडी मुख्यालय में पहुंचे लैपटॉप, जल्द मिलेंगे पार्षदों को

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम के पार्षदों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही निगम पार्षदों को निगम की तरफ से लैपटॉप मिलने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि इन दिनों नए लैपटॉप में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किए जा रहे हैं। वहीं, सूत्रों का कहना है कि अगले वित्त वर्ष में पार्षदों को लैपटॉप मिलने शुरू हो जाएगें। बता दें कि दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति, वार्ड समितियों व अन्य समितियों का गठन नहीं होने के चलते और अधिकतर सदन बैठकों में हंगामा होने के चलते सदन बैठकों में कोई विकास की नीतियां नहीं बन पाई।

### फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर भारत : कुलपति

नई दिल्ली। भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर है। 2047 तक हम विकसित राष्ट्र के साथ- साथ विश्वगुरु भी बन जाएंगे। सिलचर यूनिवर्सिटी, असम के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत ने यह बातें कहीं। वे आज यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन, आईपी यूनिवर्सिटी द्वारा आईसीएसएसआर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'रोल ऑफ मीडिया एंड कम्यूनिकेशन फॉर विकसित भारत' के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल के 'स्वर्ण युग' में भी हम विश्व गुरु थे। मध्य युग के 'विषाद काल' में विदेशी आक्रमण की वजह से हम प्रभावित हुए। अब 'अमृत काल' के दौर से हम गुजर रहे हैं और फिर से विश्वगुरू बनने की राह पर हैं। युवा शक्ति और सशक्त नेतृत्व हमें सदैव आगे बढ़ते रहने का संबल प्रदान कर रही है। मीडिया की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया किसी राष्ट्र को बना और बर्बाद कर सकती है। उन्होंने भारतीय मीडिया की तारीफ़ करते हुए कहा कि हमारे हमारे यहां मीडिया राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा रही है।

## सदन में 'मैं केजरीवाल हूं' की टी शर्ट पहन कर पहुंचे सत्तापक्ष के सदस्य

# हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही एक अप्रैल तक स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारी हंगामे के कारण बुधवार को बुलाए गए विधानसभा के स्पेशल सत्र को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने एक अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सत्तापक्ष के सदस्यों ने अध्यक्ष के आसन पर आकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध जताया और रिहाई की मांग करते हुए नारेबाजी की। वहीं विपक्ष के सदस्यों ने भी सदन में अंदर केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों की ओर से भारी हंगामा होते देख विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने पहले 15 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित किया बाद में जब दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा होने लगा। फिर सत्तापक्ष के सदस्य सीएम केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। वहीं विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी भी अपनी मेज पर खड़े होकर सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करने लगे। हालांकि अध्यक्ष ने दोनों पक्षों के सदस्यों से सदन की कार्यवाही को चलने की अपील की लेकिन वह नहीं माने जिसके बाद हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष ने एक अप्रैल तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। सदन से निकलने के बाद दोनों पक्षों के सदस्यों ने विधानसभा परिसर में एक दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया।





### विधानसभा में मैं भी केजरीवाल के टी शर्ट पहन पहुंचे सत्तापक्ष के सदस्य

विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले सत्तापक्ष के सदस्यों ने ने विधानसभा के बाहर धरना दिया और केजरीवाल की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए नारेबाजी की। आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने पीले रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी जिस पर मैं भी केजरीवाल और मोदी का सबसे बड़ा डर केजरीवाल जैसे नारे लिखे हुए थे। इस दौरान आतिशी ने कहा कि आप के सभी विधायक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। देश में लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। देश के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है और वह भी राष्ट्रीय चुनाव से ठीक पहले।

### विपक्ष के सदस्यों ने मांगा केजरीवाल का इस्तीफा

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा मांगा।

विपक्ष के सदस्य सदन में तख्तियां लेकर आए थे जिन पर लिखा था भ्रष्ट केजरीवाल इस्तीफा दो। वहीं हंगामा होने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्ष के सदस्य विधानसभा प्रांगण में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचे और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रार्थना भी की कि भगवान अरविंद केजरीवाल को सद्बुद्धि दे और जेल पहुंचने के बाद भी इस्तीफा न देने की वह अपनी जिद को छोड़ें।

नेता विपक्ष बिधूड़ी ने कहा कि अपने आपको कट्टर ईमानदार कहने वाले अब सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री साबित हो गए हैं। अभी तो सिर्फ एक मामले में ही उन्हें गिरफ्तार किया गया है जबकि वास्तविकता यह है कि उनके खिलाफ एक दर्जन मामलों में जांच चल रही है और उन्होंने जितने घोटाले किए हैं, उन सभी का हिसाब देना होगा।

बिधूड़ी ने कहा कि ऐसी स्थिति में इस्तीफे के अलावा और कोई रास्ता नहीं है।

### दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। सीएम अरविंद केजरीवाल के दो मंत्री पहले से ही जेल में हैं और जल्द ही मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज फर्जी पत्र जारी करने के



आरोप में जेल जा सकते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा प्रवेश द्वार प्रदर्शन के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने बताया कि दोपहर ठीक 12 बजे मयूर विहार जिले के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही महिला मोर्चा और युवा मोर्चा पदाधिकारियों के समूह के साथ दिल्ली विधानसभा प्रवेश द्वार पर अचानक प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रवेश द्वार पर नारे लगाए। अध्यक्ष सचदेवा विधानसभा के प्रवेश द्वार पर चढ़ गए और मयूर विहार जिला भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र धामा, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा और युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिल्ली भाजपा पदाधिकारी प्रवीण शंकर कपूर, विक्रम मित्तल, शामिल थे। सरिता तोमर, वैशाली पोद्दार, संदीप धामा, गौरव सिंह, अरुण द्राल, पुनीत शर्मा, विनय भारद्वाज और संजीव सिंह सहित अन्य लोगों में 20 महिलाएं शामिल थीं।

### दिल्ली भाजपा ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को सीएम केजरीवाल के खिलाफ सौंपी शिकायत

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मिलकर दिल्ली सरकार के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम पर संचारित नोट और पत्रों की जांच की मांग करते हुए शिकायत सौंपी। सचदेवा के साथ दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, प्रवक्ता और वकील अमित तिवारी, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, कार्यालय मंत्री बृजेश राय आदि भी थे। सचदेवा ने पुलिस आयुक्त को सूचित किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जांच एजेंसी ईडी की हिरासत में हैं और कानूनी रूप से वह किसी मंत्री या लोगों को कोई नोट या पत्र जारी नहीं कर सकते हैं, लेकिन हर दूसरे दिन अरविंद केजरीवाल के मंत्रियों द्वारा उनको लिखे गए पत्रों को प्रेस वार्ता में दिखाया जा रहा है।

### मैं लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि जेल से दिल्ली सरकार नहीं चलेगी : एलजी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री केजरीवाल इस समय ईडी की हिरासत में है और वहां से दिल्ली सरकार चलाने के दिशा निर्देश दे रहे है। इस पर सक्सेना ने एक समिट में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए साफ कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। एलजी का यह सख्त बयान उस समय आया है जब आम आदमी पार्टी व केजरीवाल की सरकार के अधिकांश मंत्री जब बार बार दावा कर रहे है कि केजरीवाल जेल से ही दिल्ली सरकार चलाएगें। एलजी के इस बयान के बाद तय है कि अगर केजरीवाल लंबे समय तक जेल में रहते है और वह सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते है तो राजनिवास व दिल्ली सचिवालय के बीच टकराव और बढ़ेगा। इस कार्यक्रम में सक्सेना ने परोक्ष रूप से आप सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बच्चों के रूप में हम सभी ने लोहे के चने चबाना जैसी कहावत जरूर सुनी है। लेकिन दिल्ली आने के बाद ही मुझे वास्तव में इस कहावत का अर्थ पता चला। सक्सेना ने एक तरह से केजरीवाल सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि इस शहर में कोई भी काम करवाना लोहे के चने चबाने जैसा ही लगता है।

### सत्तापक्ष के सदस्यों ने विधानसभा परिसर में केंद्र सरकार का जलाया पुतला

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैर कानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ बुधवार को आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विधानसभा में बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायक और मंत्री 'मैं भी केजरीवाल' लिखी पीले रंग की टी शर्ट पहन पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद आप विधायक सीएम केजरीवाल का मास्क लगाकर विधानसभा परिसर में नारेबाजी की और केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, ऋतुराज झा, संजीव झा समेत अन्य विधायक मौजूद रहे। आप के विधायक प्रवीण कुमार खुद को जंजीरों में कैद कर विधानसभा में पहुंचे और उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया कि कैसे केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार और लोकतंत्र को खत्म कर रही है। प्रवीण कुमार ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं को जेल में डालना चाहती है। उन्होंने हमारे चार नेताओं को जेल में डाल दिया है। हम भाजपा से कहना चाहते हैं कि हमें गिरफ्तार कर लें। अगर हम गिरफ्तार भी होंगे तो भी सात जन्मों तक भाजपा को जीत नहीं मिलने वाली है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' लीगल सेल ने सभी जिला अदालतों में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी के लीगल सेल ने सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली की सभी जिला कोर्ट के बाहर प्रदर्शन कर इस कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया। वकीलों ने गिरफ्तारी को गैर कानूनी बताते हुए भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। 'आप' लीगल सेल के अध्यक्ष एडवोकेट संजीव नसीयर ने बताया कि दिल्ली के सभी जिला कोर्ट के बाहर आम आदमी पार्टी की लीगल सेल के बैनर तले वकीलों ने बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हजारों वकीलों ने हिस्सा लिया। केंद्र सरकार दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ ज्यादती कर रही है, जिसे वकील बर्दाश्त नहीं करेंगे। सभी वकील सीएम केजरीवाल के समर्थन में खड़े हैं, हमारा विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।



### अदालत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन पर वकीलों को किया आगाह

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ अदालत परिसरों में विरोध प्रदर्शन करने के प्रति बुधवार को वकीलों को आगाह करते हुए कहा कि परिणाम गंभीर होंगे। 'आप' के विधि प्रकोष्ठ ने बुधवार को यहां जिला अदालतों में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि अदालत में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के परिणाम गंभीर होंगे। अदालतों को रोका नहीं जा सकता। हम किसी से अदालत जाने का अधिकार नहीं छीन सकते। उन्होंने कहा कि यदि कोई ऐसा करता है, तो वह इसे अपने जोखिम पर करे। इस मुद्दे का उल्लेख कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष अधिवक्ता वैभव सिंह ने किया था। उन्होंने कहा कि अदालत परिसर का उपयोग राजनीतिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि वह इस मुद्दे को कल देखेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मेरे पति अदालत में आज आबकारी नीति मामले में बताएंगे सच्चाई : सुनीता केजरीवाल



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई छापों में एक पैसा भी नहीं मिला और उनके पति 28 मार्च को अदालत में कथित आबकारी नीति घोटाले में बड़ा खुलासा करेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली और देशवासियों के लिए संदेश लेकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल बुधवार को एक बार फिर सामने आईं। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मंगलवार को मैं सीएम अरविंद केजरीवाल से मिली। उन्हें डायबिटीज है, सुगर लेवल ठीक नहीं चल रहा है, लेकिन उनका निश्चय दृढ़ है। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि लोगों के पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान किया जाए। जनता बताए कि क्या उन्होंने गलत किया? लोगों की समस्याओं का समाधान तो होना ही चाहिए। इस बात पर भी केंद्र सरकार ने आपके मुख्यमंत्री पर केस कर दिया। क्या ये लोग दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? क्या ये लोग चाहते हैं कि लोग अपनी समस्याओं से जूझते रहें? इस बात से अरविंद केजरीवाल को बेहद पीड़ा हुई है। सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुझे एक बात और कही कि इस तथाकथित शराब घोटाले की जांच में ईडी ने पिछले 2 साल में 250 से ज्यादा रेड की है। वो इस तथाकथित शराब घोटाले का पैसा ढूंढ रहे हैं। लेकिन उन्हें अभी तक किसी भी रेड में एक पैसा भी नहीं मिला है।

### कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल को मिलेगा इंटरनेशनल संस्कृति अवॉर्ड

नई दिल्ली। सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी (ट्रस्ट) की ओर से वर्ष-2024 का इंटरनेशनल संस्कृति अवॉर्ड शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चरांदा को दिया जाएगा। यह अवॉर्ड उन्हें शनिवार 30 मार्च 2024 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट के चेयरमैन के. योगेश ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि इंटरनेशनल संस्कृति अवॉर्ड - 2024 के लिए एक 5 सदस्यीय कमेटी गठित की गई थीं। कमेटी में हर क्षेत्र से अनुभवी सदस्यों को रखा गया था। कमेटी के पास 50 से अधिक महिलाओं के नाम सामने आए। अंत में कमेटी ने अंतिम रूप से शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने व राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य करने पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चरांदा के नाम को बेहतर पाया गया। संस्कृति अवॉर्ड के लिए अन्य महिलाएं व पुरुषों का चयन किया गया जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी।

## मुकरबा चौक के पास लगा रहता है लंबा जाम, यात्री और वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

किसान आंदोलन को देखते हुए दिल्ली में जगह जगह लगाए बेरिकेड्स इन दिनों भी यात्रियों व वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। बता दें कि जीटीके बाईपास, मुकरबा चौक के पास अलीपुर से आजादपुर की तरफ जाने वाले मार्ग पर हर दिन करीब दो से तीन किमी तक लंबा जाम लगा रहता है।

जिसके चलते पांच मिनट के मार्ग में आधे से पौना घंटा तक लग जाता है। वाहन चालकों ने बताया कि सरकार और पुलिस प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और जल्द से जल्द यहां रखे गए बेरिकेड्स को हटा देना चाहिए। वहीं, बता दें कि इन दिनों सिंघू बॉर्डर पर भी इसी प्रकार के हालात हैं और बड़ी संख्या में यात्रियों व वाहन चालकों को घंटों यातायात जाम का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि जिस प्रकार से गर्मी बढ़ रही है और यातायात ऐसे ही लगा रहा तो यात्रियों को जाम के साथ ही गर्मी का सामना भी करना पड़ेगा।

### मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विजन के बारे में बताया

# भाजपा के सातों प्रत्याशियों ने चुनाव संकल्प पत्र के लिए मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली भाजपा के संकल्प पत्र निर्माण के लिए जनता से सुझाव एकत्र करने के काम में बुधवार को व्यापक तेज़ी आई जब सभी सातों लोकसभा प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों के बड़े बाजारों में सुझाव मांगने के लिए जनता के बीच गये। भाजपा प्रत्याशियों ने कहा कि सुझाव पेटी जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से बुधवार को हमने लोगों और व्यापारियों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उनके विकास के विज़न के बारे में बताया।

दक्षिणी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं सत्येन्द्र चौधरी के साथ सेंट्रल मार्किट



मदनगीर, उत्तर-पूर्व लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी ने अनिल शर्मा के साथ भजनपुरा मार्किट में, पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने प्रदेश उपाध्यक्ष लता गुप्ता, निगम पार्षद संदीप कपूर, डॉ अनिल गोयल एवं महेन्द्र अहूजा के साथ लाल क्वार्टर कृष्णा नगर मार्किट में, चांदनी चौक प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा के साथ गौरी शंकर मंदिर में, उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया ने जय भगवान यादव के साथ नाहरपुर गांव बड़ी मार्किट में, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत और नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड़ एवं प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र बब्बर के साथ मोती नगर मेन मार्किट में लोगों से सुझाव मांगे। विभिन्न मार्किट एसोसिएशन ने दिल्ली भाजपा के प्रत्याशियों का स्वागत किया और प्रत्याशियों ने स्थानीय दुकानदारों एवं बाजारों में खरीदारी करने आये लोगों से भाजपा के संकल्प पत्र के लिए उनके सकारात्मक सुझाव एकत्र किये। भाजपा प्रत्याशियों ने कहा है कि दिल्ली की जनता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करती है और आने वाले चुनाव में भाजपा की झोली में सातों सीटें डालकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले चुकी है।

### ईडी गठबंधन की रैली को कामयाब बनाने के लिए दिल्ली कांग्रेस ने की तैयारियां तेज

नई दिल्ली। रामलीला मैदान में आगामी 31 मार्च 2024 को होने वाली ईडी गठबंधन की रैली को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियां तेज कर दी है। महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में दिल्ली कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजीव भवन में एक अहम बैठक हुई। बैठक में लांबा के अलावा दिल्ली महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा सिंह व जिला अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर लांबा ने कहा कि पार्टी के दिशा निर्देशानुसार ईडी गठबंधन की रैली को कामयाब बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़नी है। उन्होंने कहा कि रैली में अधिक से अधिक महिलाओं को लेकर रामलीला पहुंचना है। इस बारे में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि अलका लांबा के नेतृत्व में हुई बैठक में सभी जिला अध्यक्षों, कोऑर्डिनेटरों के साथ जहां एक तरफ आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर अहम चर्चा हुई। वहीं बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी 31 मार्च को रामलीला मैदान में होने वाले इंडिया अलायंस की विशाल महारैली को कामयाब बनाना है। पुष्पा ने बताया कि बैठक में कई दिशा निर्देश दिए गए है, जिसके महिला कांग्रेस कार्य करेगी। बता दें कि इससे ठीक एक दिन पहले मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने भी गठबंधन की रैली का लेकर प्रदेश कार्यालय में एक अहम बैठक बुलाई थी।

## भाजपा सरकार कर रही है सभी संवैधानिक संस्थाओं को खत्म : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार सभी संवैधानिक संस्थाओं को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 31 मार्च को रामलीला मैदान में ईडी गठबंधन की होने वाली लोकतंत्र बचाओ रैली को कांग्रेस सहित अन्य दलों के शीर्ष नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासन में सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार हुए, अब फिर से महिलायें कांग्रेस में उम्मीद दिखा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता वायु प्रदूषण की वजह से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे है वही भाजपा



सरकार ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण शुल्क का 80 प्रतिशत फंड ही इस्तेमाल नहीं किया है। लवली प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, हारून युसूफ, अलका लाबा व अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

## इनड्राइव ने ड्राइवर का किया सम्मान

**गुरुग्राम।** सुपर मोबिलिटी ऐप इनड्राइव ने ड्राइवर ऑफ द मंथ मल्टी-सिटी कैम्पेन चलाकर देश भर के ड्राइवर पार्टनर्स को सम्मानित किया। इनड्राइव में भारत के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर मोहन प्रधान ने कहा कि 1.5 लाख से अधिक ड्राइवरों ने कार, ऑटो रिक्शा और मोटर बाइक कैटेगरी में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। यह कैम्पेन भारत के पांच शहरों में चलाया गया था।




## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सुशांत लोक थाना एरिया में तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और फरार हुए चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में एमपी के छतरपुर निवासी कामता प्रसाद ने कहा कि वह गुडग़ांव के गांव झाडसा में रहता है। उसका छोटा भाई 24 वर्षीय रामदयाल पाल भी उसके साथ रहता था।




## महिला अधिवक्ता के ढाई लाख रुपए चुराए

**गुरुग्राम।** शिवाजी नगर थाना एरिया में महिला अधिवक्ता के ढाई लाख रुपए चोरी करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अधिवक्ता कोमल ने कहा कि उनके चैंबर का काम चल रहा था और वह पेंमेंट करने के लिए ढाई लाख रुपए लेकर आई थी जिसे राजीव नगर के मुकेश ने चुराए हैं।




## छह माह का लावारिस बच्चा मृत मिला

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेस-2 थाना के पॉश इलाके में एक रेहड़ी पर छह महीने का बच्चा मृतावस्था में मिला है। पुलिस ने मृत बच्चे को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे के परिजनों का पता नहीं चला है। जांच अधिकारी ने बताया कि किसी अज्ञात महिला ने अपने बच्चे को रेहड़ी पर छोड़ दिया, जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में जांच की जा रही है। घटना एमजी रोड स्थित जीएमडी मॉल के निकट की है।



## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक को 1 लाख 18 हजार 53 रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोहना के किरनकी खेड़ली निवासी नरवीर ने कहा कि उसके पास बीती सुबह एक फोन आया। जिसमें उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए कहा गया।



## होली के बाद स्वच्छता में जुटा नगर निगम

**गाजियाबाद।** होली पर्व के बाद अव्यवस्थित हुई शहर की सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम ने विशेष अभियान चलाया है। मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों की गलियों में भी स्वास्थ्य विभाग बढ़-चढ़कर सफाई व्यवस्था में कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक द्वारा शहरवासियों से भी सफाई मित्रों का सहयोग करने के लिए अपील भी की गई।



### स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट

# दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगी केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 30 व 31 मार्च को सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में किया जाएगा। उक्त जानकारी आज सेक्टर 21सी के सामुदायिक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट की चेयरपर्सन माधवी हंस ने दी।

इस मौके पर ट्रस्टी पंकज हंस, टोनी पहलवान, अशोक ढल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल तथा ट्रस्ट के विशेष सदस्य गगन हंस, हरबीर वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे। चेयरपर्सन माधवी हंस ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के कर-कमलों द्वारा होगा तथा इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रदेश की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।




### टूर्नामेंट की तैयारियां पूर्ण

वहीं ट्रस्टी पंकज हंस, टोनी पहलवान, अशोक ढल व विनय गोयल ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच 40 मिनट के होंगे तथा पहला मैच प्रातः 11.30 से हरियाणा व दिल्ली की टीमों के बीच मैच होगा।

### पहले दिन 5 बजे तक होगा मैच

*इसके उपरांत दोपहर साढ़े बारह बजे से दूसरे मैच में मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की टीमें भिड़ेंगी। फिर लंच के बाद ढाई बजे से हरियाणा व मध्यप्रदेश की टीमें खिलेंगी। इसके बाद साढ़े तीन बजे से दिल्ली व उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला होगा। इसके बाद साढ़े चार बजे तक रिफ्रेशमेंट ब्रेक रहेगा तथा 5 बजे से हरियाणा व उत्तर प्रदेश की टीमें खिलेंगी।*

### 31 मार्च को होगा फाइनल

*उन्होंने बताया कि अगले दिन 31 मार्च को प्रातः 10 बजे से दिल्ली व मध्यप्रदेश की टीमें खेलेंगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच टीम ए और टीम बी के बीच प्रातः 11 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मैच क्वाटर फाइनल व सेमीफाइनल के विजेताओं के बीच दोपहर बारह बजे से खेला जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर एक से दो बजे तक होगा और इसके साथ ही लंच के साथ टूर्नामेंट का समापन किया होगा।*

### गाजियाबाद पहुंचे सीएम योगी ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-

# आज पूरी दुनिया भारत को मार्गदर्शक के रूप में देख रही, गाजियाबाद स्मार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गजियाबाद


**योगी ने गाजियाबाद में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में नए भारत का उदय हुआ है। भारत और भारतीयों का दुनिया के हर कोने में सम्मान बढ़ा है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण संभव हुआ है। कार्यक्रम में करीब 1500 लोग शामिल हुए।**

- *पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा*
- *एक्सप्रेस वे, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा*
- *3 वर्ष से लगातार फ्री राशन दिया जा रहा*

यूपी के सीएम योगी अदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव का शंखनाद किया किया। इस सम्मेलन में शहर के शिक्षक, अधिवक्ता, प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर समेत प्रबुद्ध वर्ग के करीब 1500 लोग शामिल हुए। सीएम हेलीकॉप्टर से गाजियाबाद पहुंचे। गाजियाबाद के पुलिस लाइन में उनका हेलीकॉप्टर लैंड हुआ, जहां से वह सड़क मार्ग द्वारा नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार पहुंचे। उनके सभागार में पहुंचते ही पूरा सभागार जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

इस दौरान भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान और पश्चिम यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी उपस्थित रहे। योगी ने प्रबुद्ध वर्ग को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया।



### दुनिया के लोग भारत को सम्मान देते हैं

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विशेष स्थान दुनिया भर में प्राप्त किया है। आज पूरी दुनिया भारत की तरफ मार्गदर्शक के रूप में देख रही है। पिछले दस वर्ष में आपने बदलते भारत को देखा है। नए भारत का उदय हुआ है। भारत और भारतीयों का दुनिया के हर कोने में सम्मान बढ़ा है। लोग सम्मान के साथ भारत को देखते हैं। हर भारतवासी को सम्मान मिल रहा। मोदी के नेतृत्व में विश्वास बढ़ा है।

### योजनाओं का सबको लाभ मिला

योगी ने आगे कहा कि आज एक्सप्रेस वे, हाइवे, रेलवे एयरपोर्ट का तेजी से निर्माण हो रहा। कल्याणकारी योजना का लाभ सबको मिल रहा है। हर जाति वर्ग को ध्यान में रख योजना बनी। मोदी ने 2014 में मंत्र दिया सबका साथ सबका विकास ये उसी का परिणाम है। सब लोग इन योजनाओं से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। हमसे जितना हो रहा वो भी कम पड़ रहा है।

### अपराध पूरी तरह से नियंत्रित

सीएम ने कहा कि दुनिया का भारत देश ऐसा देश है। जहां पर करीब 80 करोड़ लोगों को इसलिए 3 वर्ष से लगातार मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कोरोना कल के दौरान 220 करोड़ वैक्सीन मुफ्त में लोगों को लगाई गई। उन्होंने कहा कि सन 2017 से पहले गाजियाबाद और पश्चिम यूपी की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। यहां पर गुंडाराज था। बहन बेटी या घरों से बाहर सुरक्षित नहीं थी लेकिन आज अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण हैं। बेरोकटोक बहन बेटियां अपने घरों से निकाल कभी भी निकाल सकती है यह उनकी सरकार का ही अनुशासन है।

### एक दिन में वसूले 1 करोड़ 57 लाख

# संपत्ति कर वसूली को लेकर हुआ निगम का तेज अभियान

कवि नगर संपत्ति कर वसूली में चल रहा सबसे आगे

सरकारी विभागों को भी किया टारगेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम के टैक्स विभाग ने टैक्स वसूला का अभियान तेज कर दिया है। उसने एक दिन में लाख1 करोड़ 57 लाख 1 हजार की कर वसूली की है। होली पर्व के अवकाश के दौरान भी कर वसूली लगातार जारी रही ऑनलाइन तथा ऑफलाइन हाउस टैक्स वसूली प्राप्त हुाई जिसमें कवि नगर ज़ोन सबसे आगे चल रहा है। सरकारी विभागों को भी कवि नगर की टीम टारगेट कर रही है तथा हाउस टैक्स वसूली को लेकर गाजियाबाद नगर निगम बेहतर कार्य कर रहा है मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि सरकारी विभागों को टारगेट करना प्रारंभ कर दिया है।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग तथा सीबीआई ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से लगभग 59 लाख की वसूली कवि नगर जोन द्वारा की गई है लगभग 80 लाख 29 हजार रुपए की वसूली कवि नगर जोन द्वारा की गई है, वसुंधरा जोन अंतर्गत कर वसूली को बढ़ाते हुए 54 लाख 53 हजार किया गया है, मोहन नगर जोन अंतर्गत 6 लाख 50 हजार रुपए की वसूली की गई, सिटीजन अंतर्गत 13 लाख 29 हजार रुपए की वसूली की गई विजयनगर अंतर्गत 2 लाख 40 हजार की वसूली की गई।

### मॉल में नोटिस चस्पा किया

31 मार्च से पूर्व गाजियाबाद नगर निगम में अपना संपत्ति कर जमा कर रहे हैं। नगर आयुक्त ने आवासीय क्षेत्र के अलावा सरकारी विभागों में भी कार्यवाही को तेज करने के लिए टीम को कहा गया है। इसी के साथ मोहन नगर जोन की टीम को अपने कार्यवाही तेज करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। शहर के विकास में नागरिकों द्वारा अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लगातार हाउस टैक्स जमा किया जा रहा है। वसुंधरा जोन अंतर्गत बैंक्विट हॉल तथा माल को टारगेट किया जा रहा है। इसी क्रम में एंजेल प्रमोटर्स बनाना ट्री, वसुंधरा उन्नति बैंक्विट फॉर्चून, वैशाली तथा हर्ष मॉल पर नोटिस चस्पा किया गया तथा एक दिन के लिए भवन स्वामियों द्वारा मोहलत मांगी गई जिसको देते हुए कार्यवाही की गई। संपत्ति कर जमा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को कम करने के लिए कदम उठाएं

**फरीदाबाद।** जिलाधीश व डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी विभागों के जिला अधिकारी अपने कार्यालय में मच्छर नियंत्रण गतिविधियों को सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार वर्ष 2024 के दौरान शून्य स्वदेशी मलेरिया मामलों के लक्ष्य को प्राप्त करने और डेंगू, चिकनगुनिया और जेई जैसे अन्य बीमारियों को कम करने के लिए वीबीडी नियंत्रण के लिए सभी निवारक और नियंत्रण उपाय समय पर लागू किए जाने चाहिए, ताकि हरियाणा को मलेरिया मुक्त राज्य बनाया जा सके। इसके लिए वीबीडी के संचरण के मौसम से पहले समय पर सभी निवारक, निदान, उपचारात्मक उपायों की आवश्यकता होती है।



## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार, 13 पासपोर्ट व विदेश भेजे जाने के दस्तावेज बरामद

**गाजियाबाद।** थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 13 पासपोर्ट (7 व्यक्तियों के) व विदेश भेजे जाने के लिए दो कूट रचित वीजा तथा दो आधार कार्ड एवं अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद किये गए हैं। डीसीपी (कौशाम्बी) निमिष पटेल ने बुधवार को बताया कि आकाश वालिया की लिखित तहरीर के आधार पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करवाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए को थाना कौशांबी साइबर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट व सर्विलांस तथा मुखबिर की सूचना पर मुकीम निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर व मुफीद निवासी सापला खत्री थाना देवबन्द सहारनपुर को मैक्स अस्पताल के पीछे वाली पार्किग से गिरफ्तार किया गया।

### आमजन को यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

# पुलिस ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इंस्पेक्टर सतीश ने सूरदास चौक, सेक्टर 28-29 पर वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरुक किया है। इस अवसर पर 50 से अधिक वाहन चालक मौजूद रहे। यातायात पुलिस इंस्पेक्टर सतीश कुमार व उनकी टीम द्वारा सडक़ दुर्घटना में कमी लाने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि सड़क पर यात्रा करते समय हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क पर यात्रा करते समय छोटी सी गलती बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। जब भी वाहन लेकर घर से बाहर निकले तो मोटरसाइकिल पर आईएसआई मार्का हेलमेट पहने तथा गाड़ी में यात्रा करते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।



### रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप वितरित

सतीश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति हमें अपने जानकार, साथी व आस-पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के बारे मे जागरूक करना होगा। ताकि समाज के सभी लोग जागरूक हो सकें और यातायात नियमों की पालना कर सकें। जागरूकता कार्यक्रम के समापन पर सभी वाहन चालकों को लाल रंग की रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप वितरित की गई और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के तहत ही यात्रा करने की शपथ दिलाई गई।

सतीश कुमार ने कहा कि फोन का प्रयोग न करें। नशा करके गाड़ी में चलाएं और अपनी लेन में ही यात्रा करें। सड़क पर किसी भी तरफ मुड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का इस्तेमाल करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर या अन्य नशा करके वाहन नहीं चलाएं। दुर्घटना होने की परिस्थिति में हमें तुरंत 112 पर पुलिस को सूचना देनी चाहिए।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र**ः लगभग 40 साल, **कद** : 5 फीट 9 इंच, **रंग** : गेहूँआ, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** मजबूत, **पहनावा** : जिसने काले रंग का लोअर और नंगे पैर है। **पहचान चिन्हः** बाएं हाथ की दो अंगूलियां आधी कटी हुई जो ए 27 डबल स्टोरी मोतिया खांन पहाड़गंज रोड़ दिल्ली के साइड पर बेहोशी अवस्था में मिला। जिसे दिनांक 22.03.2024 को एलएचएमसी अस्पताल में एमएलसी नं.584/2024 दिनांक 22.03.2024 के तहत भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने ईलाज के दौरान 25.03.2024 को मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **डी डी सं. 66ए दिनांक 25.03.2024** थाना पहाड़गंज, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थानाः पहाड़गंज, नई दिल्ली
फोनः 011-23520787, 23524746
8750870427, 8750042525

DP/3673/CD/2024

## पहचान की अपील



**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 20–22 वर्ष, रंगः गेहूँवा, कदः 5'4", चेहराः अंडाकार, शरीरः सामान्य और सिर में चोट का निशान, पहचानः बायीं ओर छाती पर राजा का टैटू निशान और मुकुट का निशान, पहनावाः काले रंग का जींस और चेकदार शर्ट पहने हुए। जो के0 एम0 पोल नंबर 09/28–09/30 डाउन लाइन आदर्श नगर के पास, रेलवे स्टेशन, दिल्ली से ट्रेन दुर्घटना में मृत पाया गया। जिसके सन्दर्भ में DD No. 20-A U/S 174 Cr.P.C. दिनांक 24.03.2024 को थाना सब्ज़ी मन्डी रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। मृत शरीर को पहचान हेतु सब्ज़ी मन्डी के शवगृह में 72 घंटे के लिए संरक्षित किया गया है।**

**स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बावजूद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।**

थानाध्यक्ष
थाना सब्ज़ी मन्डी रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 9625614517, 9868037477

DP/3660/Rly/2024

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ULY04616G | MR.I FURQAN | UP25FT1677 | 15CRAIL05NXXSG3100 | MAT535073NYN54650 | Tata Intra V30 Bs 6 | 2022 |
| ULY04584G | MR.A SAKIR | UP25FT1299 | LF4LN4200534 | MD6M1LCF6N4L00389 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2022 |
| ULY04918G | MR.P RAMGOPAL | UP25GT0739 | LF4KP4300544 | MD6M1LCF8P4K00426 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| ULY04724G | MR.K IDDE | UP25FT4489 | LF4BP4100521 | MD6M1LCFXP4B00427 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| ULY04807G | MR.K TASLEEM | UP25FT6427 | LF4EP4500171 | MD6M1LCF2P4E00169 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| UYN00622G | MR.H YASIR | UP24AT5479 | LF4BP4400320 | MD6M1LCF6P4B00263 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| UYN00754G | MR.P RAMVARAN | UP24AT7011 | LF4GP4500286 | MD6M1LCF6P4G00276 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| UYN00492G | MR.B VIPIN | UP24AT4676 | TBP0SE13003053 | MBX0006DF1E80380 | Ape Auto Plus Bs 6 | 2023 |
| UYN00388G | MR.R AALOK | UP24AT3220 | TBP0SE13003093 | MBX0006DF1E180941 | Ape Pax 230cc City + Cng Bs6 | 2022 |
| UYN00473G | MR.K ATUL | UP24AT4180 | JS2M22081139 | MCHJSAJU22K007312 | Jsa E-Rickshaw | 2022 |
| DAM05224G | OM PRAKASH | UP85CT6524 | TD3CSAZ3006682 | MBX0007MF1B160822 | Ape Auto Ht Dx Cng Bs6 | 2022 |
| DAL01474G | SHAHID | UP81ET0882 | YCDUM12040 | M22YCEDU22K011943 | Yc Electric Yatri Dlx | 2023 |
| DAM05084G | TAHHIR | UP85CT5208 | G12BN1058613 | MA3EZLF1T00228321 | Maruti Super Carry Cng Bs 6 | 2022 |
| DAM05521G | SOHIL | UP86AT0686 | AZXWNG26791 | MD2B47AX1NWG67386 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs6 | 2022 |
| DDP01758G | SHOKIN | HR74B7386 | 275CNG17HXXSB2083 | MAT556002NVH47383 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DDP01942G | JAMSED | HR38AE6829 | AZXWPL95200 | MD2B47AX7PWL39907 | BAJAJ RE CNG Bs6 | 2023 |
| DAS00927G | SADDAM | DL1LAJ8937 | 275CNG17BWXS25038 | MAT556002PVB11453 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2023 |
| DNG02136G | H MOHSIN | DL1LAE6974 | 275CNG17AYXK01943 | MAT556002MVA03591 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02763G | Y CHHATHIDEEN | N/A | LHN6F22645 | MA1FN2LHRN6F62428 | M & M SUPRO MINITRUCK VX BS VI | 2023 |
| DNG02667G | C SHESHMANI | DL1LAJ0510 | 275CNG17KXXSD8556 | MAT556004NVK57822 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DNG02471G | R AJAY | DL1LAG4421 | 275CNG17BXXS24184 | MAT556002NVB11143 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DMM01926G | AJAY KUMAR | UP15ET1086 | 275IDI07KRYSH3579 | MAT445483JZN71020 | TATA ACE XL BS IV | 2019 |
| DNE00603C | RAMESH KUMAR | HR55AG1426 | ESKZD37566 | MA1WA2ES1K2D41570 | Mahindra Marazzo M8 8 Str | 2019 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : New Delhi** **Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245**

## खबर संक्षेप

### कार पलटी, पिता-पुत्र समेत चार की मौत



**बिजनौर।** हरिद्वार-नैनीताल नेशनल हाइवे- 74 पर कोतवाली नजीबाबाद क्षेत्र के गांव गुनियापुर के पास गन्ना क्रय केंद्र के सामने खाली पड़े प्लाट में अलग-अलग स्थान पर कार सवारों के चार शव मिले हैं। मौके पर दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड फिगो कार भी खड़ी मिली हैं, एक शव कार से 50 मीटर दूर दूसरे प्लाट में पड़ा मिला। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय सिपाही परविंदर, उसका भाई 32 वर्षीय रतन सिंह, पिता मेहर चंद निवासी गांव सिरकेडा थाना बछराऊ जिला अमरोहा के रूप में हुई है।

### ट्रेन में लगी आग सभी यात्री सुरक्षित



**पटना।** भोजपुर में होली स्पेशल ट्रेन (01410) के एसी कोच (एम-9) में अचानक आग लगी गई। ट्रेन की गति काफी कम रहने के कारण कुछ यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा दानापुर से खुलकर आरा के रास्ते लोकमान्य तिलक (मुंबई) जा रही होली स्पेशल ट्रेन मंगलवार मध्य रात्रि को दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के करीसाथ स्टेशन के पास पहुंची थी कि अचानक ट्रेन में आग लग गई।

### शराब की 100 बोतलें बरामद, एक गिरफ्तार



**पलामू।** झारखंड में पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर दुसुलमा गांव के सुमारू साह के घर में छापामारी की। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी के दौरान दुसुलमा गांव के सुमारू साह के घर से 100 बोतल विदेशी शराब की बोतल को बरामद किया। इसमें किंगफिशर बियर 650 एमएल की 49 बोतल और इंपीरियल ब्लू व्हिस्की 180 एमएल की 51 बोतल शामिल है। पुलिस ने सुमारू साह को गिरफ्तार कर लिया।

## अयोध्या के बाद काशी में बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# 60 दिन में काशी आए 1.59 करोड़ पर्यटक, रोजाना पहुंच रहे करीब ढाई लाख भोलेभक्त, गंगा आरती में हो रहे शामिल

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद काशी में भी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। राम की नगरी से महादेव की नगरी में पर्यटकों के आवागमन का सिलसिला जारी है। यही वजह है कि साल 2024 के जनवरी और फरवरी महीने के 60 दिन में एक करोड़ 59 लाख से अधिक पर्यटक काशी पहुंचे। काशी विश्वनाथ धाम के बाद अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से धार्मिक पर्यटन ने और परवाज भर दिया है।

रोजाना करीब तीन लाख से अधिक पर्यटक काशी पहुंच रहे हैं। पर्यटन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2024 के जनवरी और फरवरी महीने के 60 दिन में एक करोड़ 59 लाख से अधिक पर्यटक काशी पहुंचे। आंकड़ों के मुताबिक प्रतिदिन 2 लाख 65 हजार लोग वाराणसी पहुंचे।



### दो माह में दोगुने हुए पर्यटक

आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में जनवरी और फरवरी महीने में करीब 82 लाख पर्यटक वाराणसी पहुंचे थे। साल 2024 में पर्यटकों की संख्या में दोगुनी हुई है। उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत के मुताबिक काशी में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें देशी विदेशी दोनों पर्यटक शामिल हैं। काशी आ रहे पर्यटकों की पहली प्राथमिकता श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, सारनाथ के अलावा गंगा आरती और नौकायन जरूर शामिल होता है।

### पर्यटकों की संख्या में 93.90 प्रतिशत की वृद्धि

आरके रावत ने बताया कि जनवरी 2024 में जनवरी 2023 की तुलना में 30 लाख पर्यटक अधिक आए। प्रतिशत के आधार पर वृद्धि दर 71.42 प्रतिशत रही। इसी तरह फरवरी 2024 में फरवरी 2023 की तुलना में 47 लाख पर्यटक अधिक आए। प्रतिशत के आधार पर वृद्धि दर 117.50 प्रतिशत रही। इन दो माह के योग के आधार पर 77 लाख पर्यटक अधिक आए। प्रतिशत के आधार पर वृद्धि दर 93.90 प्रतिशत अधिक रही।

### जून से वरुणा में शुरू होगी कोस्टल रोइंग

गंगा और वरुणा नदी में जल्द ही रोमांचक खेलों की शुरुआत होगी। वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी रोइंग एसोसिएशन ने खेल निदेशालय से दो बोट और कोच की मांग की है। एसोसिएशन के मुताबिक जून तक सेलिंग उपकरण मिलने की संभावना है। रोइंग के लिए ढाई फीट पानी होना चाहिए। गर्मियों में गंगा का जलस्तर काफी कम हो जाता है। ऐसे में राइंग के लिए ये समय सर्वाधिक उपयुक्त होगा। रोइंग शुरू हो जाने पर काशी के खिलाड़ियों को बाहर सेलिंग सीखने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। काशी में ही खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार होंगे। वाराणसी रोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि गंगा और वरुणा नदी को नौकायन शुरू करने के लिए चुना गया है। अप्रैल में प्रयागराज के विशेषज्ञों की टीम काशी आकर खेल तैयारियों का जायजा लेगी। इसके साथ ही सुरक्षा उपायों की जानकारी भी लेगी। इससे पहले राष्ट्रीय संघ के सदस्य काशी का दौरा कर काशी को स्पोर्ट्स पर्यटन से जोड़ने को हरी झंडी दे चुके हैं। इसमें प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के अलावा खेल विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण की मदद ली जाएगी। उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत के मुताबिक वाराणसी आ रहे पर्यटकों को गंगा और वरुणा नदी में नौकायान का आनंद ले सकेंगे।



## सीएम योगी आदित्यनाथ ने मथुरा से किया लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज, बोले-

# भाजपा ने तुष्टिकरण को नहीं, बल्कि हर नागरिक की संतुष्टि को आधार बनाया

सीएम योगी ने मथुरा में प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने मेरठ और गाजियाबाद में भी लोगों को संबोधित किया। योगी ने कहा कि विगत दस वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नए भारत के रूप में जाना जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार से चुनाव अभियान को लेकर पूरी तरह से सक्रिय नजर आए। सीएम योगी ने प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद की। सबसे पहले सीएम मथुरा पहुंचे। यहां श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन करने कर चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की।

यहां मंगलम रिसोर्ट में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में सीएम ने कहा कि मेरा सौभाग्य है यहां बार-बार आने का मौका मिलता है। उन्होंने 26 मिनट प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया।

इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस पार्टी रही। उन्होंने कहा कि बाबा औघड़नाथ जी की पावन धरा, क्रांतिभूमि मेरठ में राष्ट्रवाद की प्रचंड बयार है। यहां के जन-जन के मन में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' है।

### खास बातें

- भारत की विरासत का संरक्षण हो रहा
- हर जाति वर्ग को ध्यान में रखकर योजना बन रही
- मोदी के लिए नेशन फर्स्ट, कांग्रेस के लिए फैमिली फर्स्ट

### पहले जाति और धर्म के आधार पर योजनाएं




सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पूर्व योजनाएं जाति और धर्म के अनुसार बनाई जाती थी। उनका लाभ भी जाति और धर्म के चेहरे अनुसार दिया जाता था। मोदी सरकार ने तुष्टिकरण नहीं, हर नागरिक की संतुष्टि को आधार बनाया। उन्होंने कहा कि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा की सुशासन प्रिय और राष्ट्रवादी जनता का अटूट विश्वास 'मोदी की गारंटी' पर है। यहां एक बार फिर कमल खिलने जा रहा है।

### मोदी के नेतृत्व में विश्वास बढ़ा है

*पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नए भारत के रूप में जाना जा रहा है। हमारी विरासत का संरक्षण भी हो रहा है। लोग सम्मान के साथ भारत को देखते हैं। हर भारतवासी को सम्मान मिल रहा। मोदी के नेतृत्व में विश्वास बढ़ा है।*

### पूर्वोत्तर में शांति बहाली हुई

*सीएम ने कहा कि 2014 से पहले पूर्वोत्तर में उग्रवाद था। जम्मू कश्मीर में पत्थरबाज थे। 2014 के बाद मोदी नेतृत्व में वहां शांति बहाल हुई है। अब सैनिक जम्मू कश्मीर में पत्थरबाजों द्वारा घायल नहीं किए जाते हैं। कश्मीर में आतंकवाद भी समाप्त हुआ, पत्थरबाजी भी समाप्त हुई और धारा 370 भी सदैव के लिए समाप्त हो गई।*

### 32 हजार करोड़ से रैपिड का काम किया जा रहा




मेरठ। सीएम योगी ने कहा कि क्रांतिधरा पर आकर आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि तीन दशक पहले जिस तरह अरुण गोविल ने रामायण में मजबूती के साथ मंचन किया था। ठीक उसी प्रकार अरुण गोविल अब भी मेरठ में इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि मेरठ हमेशा इतिहास रचता है। योगी ने भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि 32 हजार करोड़ रुपए से रैपिड का काम किया जा रहा है। यही विकास है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे बनने से अब मेरठ के लोग एक घंटे से पहले ही दिल्ली पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहला खेल विश्वविद्यालय भी यहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे का जिक्र करते हुए कहा कि यही विकास की तस्वीर है। पीएम मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं। कहा कि उग्रवाद, नक्सलवाद और आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है।

## वरुण गांधी पर बोले भाजपा प्रदेश

# वे पार्टी के बड़े नेता, हमारे ही साथ, उनका उपयोग करेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी का टिकट कटने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का बयान सामने आया है। पीलीभीत में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन के उपरांत चुनावी जनसभा में शामिल होने आए भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष भूपेन चौधरी ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वरुण गांधी भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता है। वह पार्टी के साथ हैं। जहां भी उपयोग लगेगा उनसे बात करके उन्हें लाया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि फिलहाल पीलीभीत बहेड़ी लोकसभा संसदीय सीट पर जितिन प्रसाद केंद्र की योजनाओं और भाजपा के कार्य व अपने रिपोर्ट कार्ड के साथ जनता के बीच है। चुनाव में बड़ी जीत हासिल होगी।

बता दें कि इस बार भाजपा पीलीभीत से वरुण गांधी की जगह यूपी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट दिया है। वहीं, बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू और इंडिया गठबंधन के अंतर्गत सपा ने भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। बरेली के रहने वाले भगवत सरन गंगवार पांच बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं।

### पीलीभीत से नहीं लड़ूंगा चुनाव

*भाजपा से टिकट कटने के बाद मौजूदा सांसद वरुण गांधी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। वरुण गांधी ने बुधवार को ऐलान करते हुए कहा कि वह पीलीभीत सीट से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। वरुण गांधी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के अपने निर्वाचन क्षेत्र और उसके लोगों की भलाई और कल्याण के लिए किए गए मेरे सभी ईमानदार योगदानों के बावजूद मेरे साथ क्या हुआ, इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी।*

### पीलीभीत मेनका और वरुण का गढ़

*पीलीभीत 1989 से भाजपा सांसद मेनका और फिर वरुण गांधी का गढ़ रहा है, जब उन्होंने जनता दल के बैनर तले इस निर्वाचन क्षेत्र से अपनी पहली लोकसभा जीत हासिल की थी। वह 1991 का चुनाव हार गई थीं, लेकिन 1996 में उन्होंने फिर से पीलीभीत सीट जीत ली और 1996, 1998, 1999 और 2004 में भी इस सीट से जीतती रहीं। 2009 में उन्होंने वरुण गांधी को कमान सौंपी जो भाजपा के चुनाव चिह्न पर जीते थे। मेनका गांधी 2009 में सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर स्थानांतरित हो गईं, 2014 में पीलीभीत लौट आईं और 2019 में वापस सुल्तानपुर चली गईं।*

## साझीदारों में सपा नेता का नाम भी शामिल

# आयकर विभाग और वीडीए ने ईडी को सौंपा रियल एस्टेट विनायक ग्रुप का कच्चा चिट्ठा!

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

वाराणसी की रियल एस्टेट कंपनी विनायक ग्रुप का कच्चा चिट्ठा वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने ईडी को सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक वीडीए के सौंपे दस्तावेजों में विनायक ग्रुप के प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई है। वहीं, आयकर विभाग ने भी ईडी से विनायक ग्रुप की बेनामी एक्ट में जब्त संपत्तियों की जानकारी साझा की है। अब ईडी के अधिकारी विनायक ग्रुप के सभी साझीदारों की संपत्तियों की सूची बना रहे हैं, जिससे जल्द उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साझीदारों में सपा विधायक अबू आजमी का नाम भी शामिल हैं। दरअसल, विनायक ग्रुप की जांच की शुरुआत में अबू आजमी के साझीदार होने के प्रमाण नहीं मिल रहे थे। इसके बाद ईडी ने आयकर विभाग को पत्र लिखकर विनायक ग्रुप की जब्त संपत्तियों की जानकारी मांगी थी। आयकर विभाग से मिली जानकारी में साफ लिखा है कि अबू आजमी ने वाराणसी में करीब 300 करोड़ रुपए की अघोषित आय को संपत्तियों में निवेश किया था। यह रकम मुंबई से हवाला के जरिए भेजी गई और बाद में मुनाफे के साथ वापस भी हुई।

## चिराग पासवान ने जमुई सीट घर में रखी

# अपने सगे जीजा अरुण भारती को दिया लोकसभा का टिकट



एजेंसी ▶▶ पटना

जमुई लोकसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार अरुण भारती कोई और नहीं बल्कि चिराग पासवान के बहनोई और दिवंगत रामविलास पासवान के दामाद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान जमुई सीट से जीतकर सांसद बने थे। इस बार उन्होंने यह सीट अपने सगे जीजा को दे दी।

सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए चिराग पासवान अरुण भारती को बधाई दी और विजयी भवः लिखा।

## आकाश आनंद को मायावती ने दी प्रचार की जिम्मेदारी

# बीएसपी के लिए 25 ताबड़तोड़ रैली करेंगे, मायावती सभाएं करेंगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी पूरा जोर लगा रही है। बसपा जनता तक पहुंचाने की पूरी कोशिश में लगी है। इस बीच मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद की भी एंट्री होने जा रही है। मायावती ने इस बार आकाश आनंद को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी है। यूपी की सियासत में धमाकेदार एंट्री के साथ आकाश आनंद ताबड़तोड़ 25 रैलियां करेंगे। यूपी में मायावती अपनी सभाएं भी करेंगी। पहले की तरह वह मंडलवार सभाएं करेंगी। कुछ मजबूत प्रत्याशियों के लिए उनके क्षेत्र में सभाएं करने जा सकती हैं। आकाश आनंद भी इन सभाओं में उनके साथ शामिल हो सकते हैं।



### 6 अप्रैल से 1 मई तक करेंगे प्रचार

*आकाश आनंद 6 अप्रैल से पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। 6, 7, 8, 11, 13, 17, 25, 25. 26, 28 अप्रैल, 1 मई को आकाश आनंद यूपी में लोकसभा चुनाव प्रचार करेंगे। आकाश आनंद बरेली मंडल, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, सहारनपुर, कैराना, गोरखपुर, बस्ती मंडल, वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, अयोध्या और कई लोकसभा क्षेत्रों में जाकर बसपा के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।*

## पेज एक का शेष

### वर्तमान पाप को...

हमारा खेमा है जो भ्रष्टाचार से बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। वहीं दूसरा खेमा है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हो रहा है। दूसरे खेमे की प्राथमिकता देश को बचाना नहीं बल्कि सत्ता को बचाना है।

### संदेशखाली पीड़िता...

पीएम मोदी कहते हैं कि ऐसा है कि माताओं-बहनों का हाथ मेरे सिर पर है। मैं जानता हूं कि आप बंगाल की विपरीत परिस्थितियों में प्रचार कर रही हैं। इसके बाद उन्होंने पूछा कि जब उम्मीदवार के तौर पर आपका नाम घोषित हुआ तो आपको कैसा लगा? इसके जवाब में रेखा ने कहा कि संदेशखाली की जो मां-बहन हैं सब एकसाथ अत्याचार का शिकार हुई हैं। हमारे साथ जो हुआ उसे तो जेल हुई। हम लोग 2011 से वोट नहीं दे पाए। हम चाहते हैं कि संदेशखाली के सभी लोग शांति से वोट दे पाएं।

### कांग्रेस ने जारी की...

उम्मीदवार बनाया है । लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की बाकी बची 6 सीटों में से 3 पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। देर रात जारी लिस्ट में मप्र सहित कुल चार राज्यों से उम्मीदवारों के नाम हैं, इसमें उत्तर प्रदेश और तेलंगाना की चार लोकसभा सीट, मध्य प्रदेश और झारखंड की तीन-तीन लोकसभा सीटें शामिल हैं। हालांकि, पार्टी अभी मुरैना, ग्वालियर और खंडवा सीटों पर पार्टी अभी भी विचार मंथन कर रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन सीटों पर भी पार्टी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करेगी। इसके अलावा, इंडिया गठबंधन के तहत खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी के पास है और उस पर भी अभी दावेदार की घोषणा बाकी है। बता दें भाजपा ने मप्र की तैयारी काफी पहले कर ली थी और मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर उम्मीदवार फाइनल कर दिए थे।

### 31 दिसंबर 26 तक

2024 को सेवानिवृत्त होंगे। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो पद के लिए राजीव शर्मा, बालाजी श्रीवास्तव की जगह लेंगे। राजीव शर्मा को 30 जून 2026 तक के लिए नियुक्त किया गया है। मौजूदा बालाजी श्रीवास्तव भी अपने पद से 31 मार्च 2024 को रिटायर हो रहे हैं जबकि एनडीआरएफ के लिए आईपीएस पीयूष आनंद को अगला डायरेक्टर जनरल नियुक्त किया गया है। पीयूष आनंद वर्तमान महानिदेशक अतुल करवाल की जगह लेंगे।

**प्रशासनिक सेवा में पीयूष आनंद को 31 साल पूरे:** इन तीन बड़ी नियुक्तियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति को प्रस्ताव भेजा था। नियुक्ति समिति ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसके बाद इस फैसले को अंतिम मुहर भी लग गई है। एनआई के नए महानिदेशक बनने वाले सदानंद बसंत को कड़े फैसले लेने के लिए जाना जाता है। इससे पहले उन्हें 2015 में सीआरपीएफ का डीजी नियुक्त किया गया था। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल यानी एनडीआरएफ की कमान संभालने वाले पीयूष आनंद उत्तर प्रदेश पुलिस में वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अफसर रह चुके हैं। प्रशासनिक सेवा में पीयूष आनंद को 31 साल पूरे हो चुके हैं। मूल रूप से दिल्ली के रहने वाले हैं। राजीव कुमार शर्मा की बात करें तो 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का महानिदेशक बनाया गया था।

### सुप्रिया और दिलीप...

पहले ये फैसला ले लें कि उनके पिता कौन हैं? अब इसी बयान के बाद सबसे पहले भाजपा ने ही दिलीप घोष को कारण बताओ नोटिस भेज दिया था।

## मंत्रियों और सीएम के बाद पूर्व सीएम भी मिलने पहुंचे

# भाजपा में विज का बढ़ेगा रूतबा या डैमेज कंट्रोल की कवायद

मोहन भारद्वाज ▶▶ रोहतक





प्रदेश में भाजपा की राजनीति राजनीतिक पंडितों के लिए एक पहेली बनती जा रही है। नायब की ताजपोशी व पहले पॉवर लैस हुए अनिल विज और अब बाद अचानक विज के दरवाजे पर बढ़ी वीआईपी मूवमेंट से नए कयास शुरू हो गए है। कुछ लोग इसे भविष्य में विज की पॉवर बढ़ने से जोड़ रहे हैं तो कुछ नाराजगी चर्चाओं के बाद डैमेज कंट्रोल की कवायद मान रहे है। हरियाणा भाजपा में करीब 10 साल बाद 12 मार्च को उस समय बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब मनोहर लाल से ताज लेकर नायब सैनी को सौंपा गया। नायब सैनी की ताजपोशी से मनोहर सरकार के पॉवरफुल रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल विज को मंत्रिमंडल में जगह न देकर पॉवरलैस कर दिया। 12 मार्च को सीएम की शपथ से 19 मार्च को हुए दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार तक अनिल विज सरकार में हौशिए पर दिखे। नायब सैनी में राज्यमंत्री की शपथ लेने के बाद असीम गोयल नायब के हाथ में सत्ता आने के बाद शपथ के अगले ही दिन 20 मार्च को आशीर्वाद लेने अनिल विज के आवास पर पहुंचे। 20 मार्च से शुरू हुआ यह सिलसिला अभी भी थमा नहीं है।

गोयल के बाद पहली बार मंत्री बने महिपाल ढांडा और फिर मुख्यमंत्री नायब सैनी अनिल विज से मिलने उनके घर पहुंचे। होली के दिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी गुलाब का फूल लेकर विज के घर पहुंच गए तथा मुख्यमंत्री पद जाने व करनाल से लोकसभा उम्मीदवार बनने के बाद उनकी विज से यह पहली मुलाकात थी। मुख्यमंत्री बदलने के साथ पॉवरफुल रहे अनिल विज को पॉवरलैस करने के बाद अब विज के आवास की तरफ अचानक बढ़े वीआईपी मूवमेंट को कुछ लोक अनिल विज को पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलने तो कुछ अनिल विज जैसे पार्टी के सबसे सीनियर नेताओं में से एक अनिल विज की नाराजगी की चर्चाओं से लोकसभा चुनावों से पहले किसी भी गलत संदेश से होने वाले डैमेट कंट्रोल को रोकने की कवायद के रूप में देख रहे हैं। घरौड़ा में होने वाली भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की प्रस्तावित रैली के दिन अनिल विज करनाल की बजाय विधानसभा अध्यक्ष से मिलने चंडीगढ़ पहुंच गए थे। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पार्टी से अपनी नाराजगी को लेकर पूछे गए सवाल को खारिज करते हुए विज ने कहा था कि वह पार्टी का अन्नय भक्त है तथा अब पहले से अधिक उत्साह के साथ काम करेंगा।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# डाइट में बदलाव करने से पेट दर्द में मिलेगा आराम

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। कुछ दिनों से पेट में ऐंठन होती रहती है। कुछ खाने का मन नहीं होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिजीत, डोंगरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। सबसे पहले काम यह करें कि आप तला-भुना खाना बंद कर दें और बाजार के खाने से परहेज करें। इसके साथ ही लंच में दही या छाछ शामिल करें और सलाद जरूर खाएं। रात में कोशिश करें कि खाना हल्का खाएं और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह खान-पान में बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मुझे बार-बार यूरिन इंफेक्शन हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? इससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए?**

**-जगदीप, करनाल**

आपको सबसे पहले कोशिश यह करनी चाहिए कि किसी भी जगह यूरिन पास नहीं करना चाहिए। कई बार गंदी जगह यूरिन पास करने से भी इंफेक्शन हो जाता है। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी यानी खट्टे फल खाएं। इसके बाद भी आराम न मिले तो जरूर आपको एक बार नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। हर साल बदलते मौसम में मुझे खांसी, जुकाम जैसी समस्या हो जाती है। इसका क्या उपचार है और इससे बचाव के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-नरेश, भोपाल**

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जाती है, उनको मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम या खांसी शुरू हो जाती है। वास्तव में यह एलर्जी होती है। इससे बचने के लिए आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाएं। साथ ही इस मौसम में जितना संभव हो सुबह- शाम की ठंड में एक्स्पोजर कम से कम करें। कूलर, एसी से दूर रहें। अधिक परेशानी होने पर आप डॉक्टर से संपर्क कर एंटी एलर्जिक दवा खा सकते हैं।

**मेरे पिता की उम्र 81 वर्ष है। उनकी डाइट तो नॉर्मल है लेकिन कुछ दिनों से बहुत गुमसुम रहते हैं। पहले वॉकिंग पर जाते थे, अब नहीं जाते। कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?**

**- दीपचंद, भिलाई**

आप यह जानने की कोशिश करें कि पिछले कुछ समय में ऐसा क्या हुआ है, जिसकी वजह से वो गुमसुम रहने लगे हैं? इसका कारण जानने की कोशिश करें और उसका



समाधान निकालें। अगर बातचीत से कारण पता ना चल रहा हो तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वह समस्या का कारण जानकर सही ट्रीटमेंट शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। कुछ दिनों से रात के समय मेरे सीने में हल्का दर्द और जलन महसूस होती है। इसकी क्या वजह हो सकती है? प्लीज बताएं।**

**-नीतेश, जबलपुर**

आप दो तरह की समस्या बता रहे हैं, सीने में दर्द होने का अलग कारण हो सकता है और जलन होने का अलग कारण हो सकता है। कई बार पाचन क्रिया ठीक न होने से जलन संबंधी समस्या होती है लेकिन आप बता रहे हैं कि सीने में दर्द है, इसलिए आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए और कुछ शुरुआती जांच करा कर दर्द का कारण पता लगाना चाहिए। अगर कोई परेशानी है तो उसका तुरंत उपचार करना चाहिए।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरी डाइट बहुत कम है, वीकनेस लगती है। हालांकि वेट 60 केजी है। क्या मुझे ज्यादा खाना चाहिए? हेल्दी रहने के लिए डाइट में क्या चीजें शामिल करूं?**

**-अविरल, जींद**

सबसे पहले आप यह देखें कि आपको काम के दौरान थकान तो नहीं लगती, सुस्ती तो नहीं आती? अगर ऐसा नहीं है तो आपको चिंता की कोई बात नहीं है। अगर ऐसी समस्या आ रही है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे कुछ जांच कराकर भूख कम लगने का कारण पता लगाएंगे, इसके साथ ही आप डायटिशियन से संपर्क कर अपने खाने का चार्ट बनवा लें, उसके अनुसार ही नियमित रूप में खाना खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. इमरान नूरानी
कंसल्टेंट चीफ साइकोलॉजिस्ट-सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

स्पेशलः 2 अप्रैल-वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के कुल बच्चों में से एक प्रतिशत ऑटिज्म से ग्रस्त होते हैं, लेकिन इनकी संख्या करोड़ों में है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स और सोसाइटी ऐसे बच्चे की उनकी जरूरत के अनुसार प्रॉपर केयर करें। इस बारे में बचपन में ही कुछ लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है। यहां जानिए, इससे जुड़ी बहुत महत्वपूर्ण बातें।

# ऑटिस्टिक बच्चे स्मार्ट केयर की है जरूरत

ऑटिज्म बचपन से ही पाया जाने वाला न्यूरो-बिहेवियरल डेवलपमेंट स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है, जो बच्चे में मस्तिष्क के विकास में विकार होने की वजह से होता है और जिंदगी भर बना रहता है। यह विकार बच्चे के मानसिक विकास को अवरुद्ध कर देता है, उसके व्यवहार और रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित करता है। इसकी वजह से इन बच्चों के लिए जिंदगी जीना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। नॉर्मल बच्चों की अपेक्षा इनका व्यवहार अलग होता है, जिसकी वजह से दूसरे के साथ ये तालमेल नहीं बिठा पाते। ऑटिज्म के बारे में जानकर अकसर पैरेंट्स परेशान होने लगते हैं। लेकिन अगर वे उनके अलग व्यवहार को पहचान लेते हैं और यथाशीघ्र उपचार शुरू करवाते हैं तो समुचित कदम उठाने पर ऑटिस्टिक बच्चे को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

## पैरेंट्स रहें अवेयर

ऐसे विशिष्ट बच्चों और उनकी समस्याओं के प्रति माता-पिता को ही नहीं, समाज को भी जागरूक करने की जरूरत है, ताकि ऑटिस्टिक बच्चे उनके साथ सामंजस्य बिठा पाएं और अच्छा जीवन जी सकें। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बच्चों में पाई जाने वाली विकासात्मक विकलांगता के प्रमुख कारणों में ऑटिज्म डिसऑर्डर तीसरे स्थान पर आता है। 2018 के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में 59 बच्चों में से एक बच्चा ऑटिज्म से पीड़ित है। हमारे देश में करीब एक करोड़ बच्चों में यह विकार मौजूद है। इस बारे में कुछ बातों को समझना जरूरी है।

## इन लक्षणों पर करें गौर

आमतौर पर 2-3 साल की उम्र के बच्चों में ऑटिज्म का पता चलने लगता है, जब वे दूसरों के साथ बोलना और इंटरैक्ट होना शुरू करते हैं। लेकिन इनमें बचपन से ही कुछ विशिष्ट व्यवहार देखने को मिलने लगते हैं, जिन्हें पैरेंट्स को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**डेवलपमेंट माइलस्टोंस न दिखना:** पैरेंट्स को अपने 1-2 साल के बच्चे के डेवलपमेंट माइलस्टोंस के बारे में जानकारी होना जरूरी है। अगर बच्चा इन माइलस्टोंस पर खरा न उतर रहा हो, तो उन्हें डेवलपमेंट इंटरवेंशन के लिए जल्द ले जाना चाहिए। जैसे- उम्र के हिसाब से बच्चा बोलना, उठना-बैठना-चलना जैसी एक्टिविटीज को नहीं कर पा रहा हो या ग्रोथ के हिसाब से अपनी समझ, बोलना या भाषाई विकास और दूसरों के साथ कम्यूनिकेशन न कर पा रहा हो।



**सोशल कम्यूनिकेशन रेस्पॉन्स:** सोशल कम्यूनिकेशन में अगर 3-5 महीने का बच्चा आई कॉन्टेक्ट नहीं करता या उन्हें देख नहीं रहा या पैरेंट्स के पुचकारने के बावजूद स्माइल नहीं देता। या फिर जब बच्चा पैरेंट्स के साथ ठीक तरह से ट्रैकिंग नहीं करता यानी, बच्चे के साथ खेलने पर वह मूवमेंट पर ध्यान नहीं देता, दूसरी तरफ देखता रहता है। इसी तरह 12-16 महीने का होने पर जब बच्चा कोई नई चीज या खिलौना देने पर कोई रेस्पॉन्स नहीं देता, खुशी जाहिर नहीं करता या स्माइल तक नहीं करता।

**कम्यूनिकेशन प्रॉब्लम:** पैदा होने के साथ ही बच्चा भूख लगने पर चिल्लाने या रोने के रूप में पैरेंट्स के साथ कम्यूनिकेशन करता है। 6 महीने का होते-होते कुछ आवाजें (म या ब) निकालना या बड़बड़ाना शुरू करता है। लेकिन ऐसा न करने के साथ ही 12-16 महीने तक अगर अपने पैरेंट्स को पहचानकर मम्मा-पापा जैसे 20-30 मीनिंगफुल शब्द बोलना शुरू नहीं करता है। अपनी दुनिया में ही खोया रहता है। अगर बच्चा आपको देखकर या आपके बुलाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देता, किसी तरह की आवाज नहीं निकालता या बड़बड़ाता नहीं है या कोई मीनिंगफुल शब्द नहीं बोल पाता तो यह ऑटिज्म होने का संकेत हो सकता है।

**रिपीटिटिव बिहेवियर या रिस्ट्रिक्टिव पैटर्नः** आमतौर पर बच्चे किसी भी खिलौने से खेलते वक्त पूरे खिलौने के साथ खेलते हैं। जबकि ऑटिस्टिक बच्चे पूरे खिलौने के साथ न खेलकर उसके किसी हिस्से के साथ खेलते रहते हैं जैसे खिलौने में बनी आंख या कान के साथ। या फिर खिलौने के साथ एक पैटर्न में ही खेलता रहता है। कुछ बच्चे अपनी अंगुलियों के साथ ही खेलते रहते हैं। सबसे बड़ी बात कि वो इतना ध्यानमग्न होकर खेलता है कि उसे आस-पास होने वाली एक्टिविटीज या हमारे बुलाने का भी पता नहीं चलता।



**लिमिटेड इंटरेस्टः** ऑटिस्टिक बच्चे किसी एक खिलौने के साथ ही खेलना पसंद करते हैं या फादर-मदर में से किसी एक के पास रहना पसंद करते हैं। अगर पैरेंट उससे वो खिलौना बदल देते हैं या बहला-फुसला कर दूसरे पैरेंट के पास जाने के लिए कहते हैं, तो वह उसका प्रतिरोध करता है। किसी भी तरह के बदलाव को स्वीकार नहीं करता, रोने-चिल्लाने लगता है।

**एबनॉर्मल सेंसिटिविटीः** ऑटिस्टिक बच्चे या तो हाइपो-सेंसिटिव होते हैं या हाइपर सेंसिटिव। उनके सेंस ऑर्गन इतने सेंसिटिव होते हैं कि वो तेज आवाज या तेज रोशनी को बर्दाश्त नहीं कर पाते। डरने या रोने लगते हैं।

## क्या हैं कारण

हालांकि अभी तक ऑटिज्म होने के पीछे कोई मेडिकल मार्कर नहीं हैं, जिससे सामान्य जांच से इसका पता चल सके। फिर भी अध्ययनों से पता चला है कि ऑटिज्म के पीछे जेनेटिक या जींस में क्रोमोसोम की गड़बड़ी की वजह से होता है। न्यूरोइमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि ऑटिज्म, बच्चों में ब्रेन वॉल्यूम में गड़बड़ी की वजह से होता है। बच्चे की बिहेवियरल-डेवलपमेंटल मूल्यांकन करके ही ऑटिज्म की स्थिति का पता चलता है।

## कैसे होता है डायगनोज

मेडिकल प्रोटोकॉल के हिसाब से बच्चों में ऑटिज्म सिंड्रोम डायगनोज करने के लिए डॉक्टरों की मल्टीडिस्पलिनरी टीम होनी जरूरी है, जिसमें डेवलपमेंटल पीडियाट्रिशियन, साइकोलॉजिस्ट, स्पेशल एजुकेटर, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट और काउंसलर को शामिल करना जरूरी है। सबसे पहले ऑटिज्म की आशंका वाले बच्चे की स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद बच्चे के विकासात्मक विलंब और अलग व्यवहार को विभिन्न तरीकों से परखा जाता है। डॉक्टरों की टीम के मूल्यांकन के बाद यह पता चलता है कि ऑटिज्म किस स्टेज (माइल्ड, मॉडरेट या सीवियर) पर है। ये विशेषज्ञ विभिन्न थेरेपी के जरिए बच्चे के व्यवहार, सीखने-बोलने की क्षमता में सुधार लाकर उसे समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने योग्य बनाते हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## प्यार से रखें बच्चे का ध्यान



**चूंकि ऑटिज्म** एक सिंड्रोम है। अर्ली डायगनोज होने पर मल्टी-डिसिप्लिनरी इंटरवेंशन थेरेपी की मदद से उपचार शुरू किया जाता है, तो ये बच्चे आत्मनिर्भर हो सकते हैं। खासकर जिन बच्चों में 0-3 साल की उम्र में ऑटिज्म डायगनोज हो जाता है, और जल्दी उपचार शुरू हो जाता है, तो बहुत अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, क्योंकि इस उम्र में बच्चे के मस्तिष्क का विकास हो रहा होता है, उनमें बड़े बच्चों की तुलना में सुधार की गुंजाइश ज्यादा होती है। बच्चे का डेवलपमेंट लेवल और ऑटिज्म की गंभीरता के आधार पर टारगेट तय किया जाता है। मल्टी-डिसिप्लिनरी एप्रोच अपनाई जाती है। बच्चे की उम्र, स्थिति और जरूरत के हिसाब से लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। उनके हिसाब से वैज्ञानिक तरीके से अलग-अलग पैटर्न अपनाए जाते हैं। बच्चे के एक-एक बिहेवियर में सुधार लाकर अगली स्किल सिखाई जाती है। धीरे-धीरे डेवलपमेंट-माइलस्टोन प्राप्त करने में मदद की जाती है। इसके लिए ऑक्यूपेशनल, स्पीच थेरेपी, बिहेवियरल, एजुकेशनल थेरेपी की मदद ली जाती है।

बच्चे को ऑटिज्म की स्थिति से निकालने के लिए स्मार्ट केयर जरूरी है। हालांकि ऑटिस्टिक बच्चे का लालन-पालन करना पैरेंट्स के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ने के बजाय उनके लिए पहले अपना ध्यान रखना और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। सकारात्मक रवैया अपनाते हुए पैरेंट्स को बच्चे की देखभाल के लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। पूरे धैर्य के साथ बच्चे के साथ समय बिताना चाहिए और छोटी-छोटी चीजें सिखानी चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर हो सके और समाज में सामंजस्य स्थापित करने योग्य बन सके।

औषधीय फल

# खीरा एक लाभ अनेक

खीरा किसी परिचय का मोहताज नहीं है। आमतौर पर सलाद में तो खीरा शामिल होता ही है। ठंडी तासीर वाले खीरे का गर्मियों में सेवन भरपूर किया जाता है। ऐसा करना बहुत लाभकारी है। दरअसल, गर्मियों में आमतौर पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जो कई बार गंभीर समस्या का रूप भी ले सकता है। लेकिन खीरा का सेवन शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता यानी डिहाइड्रेशन से हमें बचाता है। इसका सेवन दोपहर के भोजन के साथ करना हितकर है। क्षेत्रीय भाषाओं में यह भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे काकड़ी, काकरी, ककनाई, संतेक, वैलारीकायी, डोसाकायी, वेल्लारी, सासा और अंग्रेजी में ककुंबर आदि। खीरे में मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं-विटामिन ए, बी1,बी6, सी, डी, पोटेशियम, फास्फोरस और आयरन।

जब गर्मियों में लू चलती है, तब इसका सेवन बहुत लाभकारी होता है। इसे कच्चा ही खाया जाता है। यह शीतल, मधुर, और गर्मी को शांत करने में सक्षम है। कुछ लोग इसको छिलके सहित खाना लाभकारी मानते हैं। 90% पानी का भंडार वाला खीरा पाचनतंत्र को मजबूत करता है। अब



जानिए खीरे के औषधीय गुणों के बारे में-

- शीतलता का भंडार होने के कारण शरीर को डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाता है।
- मोटापे से परेशान लोग इसका सेवन करें तो लाभ मिलेगा।
- डायबिटीज (मधुमेह) के रोगियों के लिए इसका सेवन हितकर है।
- इसमें पानी की मात्रा अधिक और कैलोरी कम होने के कारण लंबे समय तक भूख नहीं लगती, इस कारण शरीर का बढ़ता वजन नियंत्रित होता है।
- स्वस्थ त्वचा के लिए और चमकते चेहरे के लिए इसको खाना और चेहरे पर लगाना लाभकारी है।
- इसका नियमित सेवन (डिप्रेशन) अवसाद और कैंसर जैसी घातक बीमारी में रोकथाम करता है।
- खीरे के जूस का सेवन शरीर को अंदर और बाहर से मजबूत बनाता है। पुरानी कब्ज से छुटकारा दिलाने में सक्षम है। एसिडिटी, गैस और छाती पेट की जलन में भी इसका सेवन हितकर है।
- इसका सेवन (ब्लड प्रेशर) रक्तचाप को नियंत्रण करने में मददगार है।
- नियमित रूप से मुंह से आने वाली बदबू को समाप्त करने के लिए इसका एक टुकड़ा मुंह में रखना फायदेमंद है।*

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'**

घरेलू उपचार

शिखर चंद जैन

आमतौर पर कोई भी दर्द होने पर लोग तुरंत पेन किलर खा लेते हैं। लेकिन इससे कई अन्य समस्याएं जन्म ले सकती हैं। ऐसे में आप कुछ औषधियों का सेवन कर सकते हैं। यहां बता रहे हैं कुछ उपयोगी औषधियों के गुणों के बारे में।

# हर्ब मिटाए कई तरह के दर्द



अकसर रिसर्च में दावा किया जाता है कि दर्द निवारक एलोपैथिक दवाओं के कई साइड इफेक्ट होते हैं। इनका किडनी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए अकसर इनका सेवन न करने या बहुत कम करने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद शास्त्र में गठिया, जोड़ों के दर्द, पेट दर्द से लेकर तरह-तरह के अन्य दर्द के निवारण के लिए विभिन्न हर्ब्स का सेवन करने को प्रभावी बताया गया है।

**सोंठः** सूखी हुई अदरक को ही सोंठ कहा जाता है। अपने एंटीइन्फ्लेमेटरी गुणों के कारण यह दुनिया भर के आयुर्वेद विशेषज्ञों की प्रिय हर्ब है। लोग इसको मसाले और औषधि के रूप में तो इस्तेमाल करते ही हैं, चाय में डालकर भी पीते हैं ताकि सर्दी-जुकाम की रोकथाम की जा सके। दर्द निवारक और एंटीइन्फ्लेमेशन के रूप में आयुर्वेद विशेषज्ञ इसका इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इसमें कई विटामिन और मिनरल भी होते हैं। इसके सेवन से जोड़ों और मसल्स के दर्द में राहत मिलती है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा का प्रयोग भारतीय ही नहीं पारंपरिक चीनी चिकित्सा में भी बहुतायत से किया जाता है। मेडिकल साइंस के एक्सपर्ट भी नपुंसकता के मामलों में इसके चमत्कारिक असर की बात मानते हैं। साथ ही इसका उपयोग स्ट्रेस, कब्ज, रुमेटिज्म जैसी अन्य कई क्रॉनिक बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है। जोड़ों के दर्द में होने वाली परेशानी से इसके सेवन से इन्फ्लेमेटरी तत्व काफी कम हो जाते हैं। इतना ही नहीं इसके सेवन से थकान, स्ट्रेस और कमजोरी जैसी समस्याओं में भी काफी फायदा मिलता है।

**गिलोयः** अमृता, गिलोय, गुडुची आदि कई नाम हैं इस औषधीय जड़ी के। अपने नाम के मुताबिक ही यह अमृत सरीखे गुणों से भरी होती है। कोरोना कल में इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में इसकी पहचान दुनिया भर में स्थापित हो गई। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ गठिया और आर्थराइटिस जैसे ऑटोइम्यून डिसऑर्डर के इलाज के लिए इसका उपयोग करने की सलाह देते हैं। जोड़ों के दर्द में गिलोय के तने के चूर्ण को दूध में उबालकर पीने से तुरंत राहत मिल जाती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस के इलाज के लिए इसका सेवन अदरक के साथ करने की सलाह दी जाती है।



**शल्लकीः** शल्लकी के नियमित सेवन से हार्ट डिजीज, कोलेस्ट्रॉल और आर्थराइटिस के दर्द में काफी आराम मिलता है। इसमें एंटी स्क्लेरोटिक गुण होते हैं यानी, इसके सेवन से धमनियों में कड़ापन नहीं आता। मांसपेशियों में तीव्र दर्द या रूमेटाइड अर्थराइटिस, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, ओस्टियोआर्थराइटिस आदि में इसके सेवन से आराम मिलता है।

**अरंडीः** मूत्राशय, स्नायुतंत्र, स्त्रियों के प्रजनन और पाचन तंत्र में किसी प्रकार की इन्फ्लेमेशन या दर्द के लिए अरंडी यानी कैस्टर का प्रयोग करना फायदेमंद बताया जाता है। इसमें दर्द निवारक, ठंडक देने वाले गुण होते हैं। अरंडी का तेल लगाने से बढ़े हुए वात, दर्द और सूजन से आराम मिलता है। साइटिका और आर्थराइटिस के दर्द में भी इसके तेल की मालिश की जाती है। इसे वात विकारों का राजा कहते हैं। यह ज्यादातर वात रोगों के इलाज में असरकारक है।



यहां बताई गई औषधियों का सेवन निश्चित ही कई तरह के दर्द में लाभकारी है। लेकिन किसी औषधि का सेवन करने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ या अनुभवी वैद्य से सलाह जरूर कर लें।*

**(वैद्य प्रमोद शर्मा से बातचीत पर आधारित)**




**लोकसभा क्षेत्र**
**बैतूल**

1 **भाजपा प्रत्याशी**
दुर्गादास उईके

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
रामू टेकाम

**पिछली बार कौन जीता**
दुर्गादास उईके

**जीत का अंतर**
3 लाख 60 हजार 241

### लोकसभा चुनाव के लिए बाकी पार्टियों ने अभी घोषित नहीं किए हैं अपने प्रत्याशी

# बैतूल सीट पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला

*बैतूल में 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समेत अन्य पार्टियों व निर्दलियों ने भाग्य आजमाया था, किंतु भाजपा करीब 60 फीसदी वोट लेकर चुनाव जीत गई। निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी को महज 33 फीसदी वोट मिले थे। इस बार के चुनाव में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच मुख्य मुकाबला संभावित है। भाजपा ने सांसद दुर्गादास उइके पर भरोसा जताते हुए फिर से टिकट दिया है, तो कांग्रेस ने भी पिछली बार के प्रत्याशी रामू टेकाम पर भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैतूल लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की पारंपरिक सीट बनती जा रही है। इस सीट से भाजपा व कांग्रेस के अलावा बसपा ने भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा है। हालांकि बसपा का वोट प्रतिशत इस क्षेत्र में लगातार कम होता गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब पौने तीन फीसदी वोट बसपा को मिले थे। जबकि गोगपा व अन्य कोई खास वोट हासिल नहीं कर पाए थे।

इस सीट से 2014 के लोकसभा चुनाव में ज्योति धुर्वे जीती थी। बाद में उनका जाति प्रमाणपत्र का मुद्दा सुर्खियों में बना। उनके बारे में कहा गया था कि वे ओबीसी जाति की है। हालांकि बाद में अदालतों ने उनके पक्ष में फैसला दे दिया था। किंतु भाजपा ने दोबारा उन्हें टिकट नहीं दिया। हालांकि 2019 के चुनाव में भाजपा फिर से चुनाव जीत गई। यहां से भाजपा ने पेशे से शिक्षक दुर्गादास उईके को मैदान में उतारा। शिक्षक होने के साथ ही उईके की पैठ आरएसएस में थी। वे मुलताई क्षेत्र के निवासी थे, किंतु उनका शैक्षकीय जीवन करीब 26 सालों तक कोयलांचल क्षेत्र में बीता। इसी दौरान वे आरएसएस के नजदीक आए और आरएसएस की शाखाओं में जाने लगे। उनकी लगन व मेहनत को देखते हुए भाजपा


दुर्गादास उईके


रामू टेकाम

ने बैतूल क्षेत्र से टिकट दे दिया। साफ-स्वच्छ छवि व मिलनसार व्यक्तित्व होने से वे 2019 का चुनाव जीत गए। इस बार पार्टी ने फिर से उन्हीं पर भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने बैतूल लोकसभा सीट से रामू टेकाम को ही मैदान में उतारा है। पिछली बार भी कांग्रेस ने उन्हें टिकट दिया था। उन्हें दूसरी बार टिकट मिल जाने से कांग्रेस के ही दूसरे गुट में बड़े पैमाने पर नाराजगी है। यह गुट नहीं चाहता था कि रामू टेकाम को फिर से टिकट मिले। टिकट की घोषणा के बाद घोड़ाडोंगरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके राहुल चौहान, ब्रह्मा भलावी, धर्मू सिंह सिरसाम, निलय डागा समेत अन्य नेताओं ने टिकट बदलने की मांग रखी है। बताते हैं कि एक गुट ने दिल्ली तक जाकर टिकट बदलने को कहा, किंतु उन्हें समझा-बुझा कर वापस कर दिया गया। अब हालांकि सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी टेकाम को जिताने के लिए काम तो शुरू कर दिया है, किंतु अंदरखाने में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। टेकाम को लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में पार्टी को नुकसान हो सकता है। उधर, इस क्षेत्र में दूसरे चरण में चुनाव होना है। इसलिए अभी सब कुछ साफ नहीं हो पाया है। होली के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो जाएगी।

### तीन जिले आते हैं बैतूल लोस में

बैतूल लोकसभा सीट में तीन जिले बैतूल, हरदा व खंडवा आते हैं। यहां की आठ विधानसभा क्षेत्रों में 5 बैतूल की है। इसमें बैतूल, मुलताई, आमला, घोड़ाडोंगरी व भैंसदेही तथा हरदा जिले की दो विधानसभा सीट हरदा व टिमरनी आते हैं। जबकि एक विधानसभा क्षेत्र खंडवा जिले की हरसूद आती है। यहां तीन जिलों बैतूल, हरदा और खंडवा का समावेश लोकसभा सीट में है।

### विस चुनाव में कांग्रेस हुई पूरी तरह साफ

यह भी रोचक है कि पिछले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को काफी अच्छी बढ़त मिली हुई थी। मुलताई क्षेत्र से सुखदेव पांसे कैबिनेट मंत्री थे। बैतूल जिले की पांच में से चार विधानसभा सीटों मुलताई, बैतूल, भैंसदेही व घोड़ाडोंगरी में कांग्रेस के विधायक थे। महज आमला क्षेत्र में ही भाजपा जीत पाई थी। पांच में से चार क्षेत्रों में कांग्रेस का विधायक होने के बाद भी लोकसभा चुनाव में भाजपा बंपर वोट से चुनाव जीती थी। उस वक्त कांग्रेस के विधायक अपने क्षेत्र में ही पार्टी को वोट नहीं दिलवा पाए थे। पार्टी में भी इसे लेकर आवाज उठी, किंतु बाद में सरकार गिर जाने के बाद रही सही कसर खत्म हो गई। बाद में 2023 के चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह से साफ हो गई।

### बैतूल क्षेत्र में सबसे ज्यादा जनजातियों की संख्या

अभी तक का रिकार्ड है कि बैतूल लोकसभा क्षेत्र में जाति का कोई खास फैक्टर नहीं चला। इस पर तो वैसे भी मोदी फैक्टर ज्यादा प्रभावी है। इसके बावजूद बैतूल लोकसभा क्षेत्र के सभी आठों विधानसभा में से बैतूल, मुलताई, आमला व हरदा को छोड़कर बाकी चार विधानसभा क्षेत्रों में जनजातियों की संख्या सर्वाधिक है। इसीलिए आठ में से तीन विधानसभा बैतूल, मुलताई व हरदा क्षेत्र सामान्य श्रेणी के हैं, जबकि आमला क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बाकी सभी 4 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। लोकसभा क्षेत्र भी अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। इसी वजह से यहां कोई अन्य जातिगत समीकरण काम नहीं करता। जिसकी पैठ जनजातीय समाज में होती है, वही यहां से चुनाव जीतता है। इस बार भी यही समीकरण बनने की पूरी संभावना है। बैतूल लोकसभा सीट में हरदा में जाट, गुर्जर व राजपूतों की संख्या सर्वाधिक है तो बैतूल में कुंबी, कुर्मी, पंवार व गोड़ की संख्या है। टिमरनी में गोंड़ व कोरकू की आबादी अधिक है। घोड़ाडोंगरी में गोंड सर्वाधिक हैं। मुलताई में कुंबी, पंवार बराबर की संख्या में हैं।

---

**जैसा मैंने देखा था**
**चुनाव...**

## ग्वालियर के लोगों को हमेशा याद रहेगा 1998 और 2009 का लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव हर बार किसी न किसी वजह से रोचक होते हैं। 1998 और 2009 के लोकसभा चुनाव ग्वालियर के लोगों को हमेशा याद रहे, क्योंकि इन दोनों चुनावों में सिंधिया परिवार के सदस्य जीते जरूर, लेकिन दोनों चुनावों में सिंधिया परिवार को दिन में तारे नज़र आ गए थे। इन दोनों चुनावों को सिंधिया परिवार ने अलार्मिंग विक्ट्री के रूप में लिया। खतरे की घंटियां बजने के बाद से सिंधिया परिवार ने अपनी पुस्तैनी सीट हमेशा के लिए छोड़ दी। साल 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के माधव राव सिंधिया के खिलाफ बजरंग दल के नेता जयभान सिंह पवैया को प्रत्याशी बनाया था। पवैया के पक्ष में ऐसा माहौल बना कि सिंधिया पराजय के कगार पर पहुंच गए। बड़ी मुश्किल से सिंधिया 25 हजार वोटों के अंतर से जीते। माधव राव सिंधिया ने बाद में ग्वालियर को अलविदा कह दिया। वे गुना से चुनाव लड़ने लगे। ग्वालियर सीट से 2007 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ी भाजपा की यशोधरा राजे सिंधिया चुनाव तो जीतीं किंतु उन्हें अपने भाई माधवराव सिंधिया जैसी कामयाबी नहीं मिली। यशोधरा राजे ने 2009 में ग्वालियर से फिर चुनाव लड़ा, लेकिन उनकी जीत बहुत कम अंतर से हुई। यशोधरा राजे सिंधिया इस जीत से इतनी आहत हुई कि उन्होंने भी ग्वालियर सीट से तौबा कर ली। उन्होंने भी अपनी जीत को अलार्मिंग विक्ट्री कहा था। 2014 और 2019 के चुनाव में ग्वालियर से सिंधिया परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ा। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने सिंधिया को ग्वालियर से टिकट नहीं दिया। सिंधिया परिवार के सदस्य ज्योतिरादित्य गुना से 2019 में चुनाव हार चुके हैं। उनकी दादी राजमाता विजया राजे सिंधिया भी हार का स्वाद चख चुकी हैं। केवल माधव राव सिंधिया अजेय रहे।


राकेश अचल
वरिष्ठ पत्रकार

## फर्स्ट टाइम वोटर

### जो रोजगार व उज्जवल भविष्य की बात करेगा, वोट उसी को

मैं लोकसभा चुनाव में पहली बार वोटिंग करुंगी। वोटिंग करने का बेसब्री से इंतजार था। मुझे राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन वोट तो किसी ने किसी को देना होगा। मैं ही नहीं, मेरी कुछ सहेलियां भी पहली बार वोटिंग करेंगी। हम लोग आपस में अक्सर चर्चा करते हैं कि किसे वोट देना है। सभी सहेलियां कहती है कि हम तो उसी पार्टी को वोट देंगे, जो हमें बेहतर रोजगार दें। मेरा भी यहीं मानना है कि वोट उस पार्टी को जाए जो उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रही है। हम लोग शासकीय नौकरी की तैयारी नहीं कर रहे हैं, लेकिन यदि कोई पार्टी पहल करती है तो हमारा पहला वोट उसी पार्टी के खाते में जाएगा।



### लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए

चुनाव में लोगों की भागीदारी पिछले कुछ सालों से बढ़ रही है, लेकिन अभी शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। क्योंकि बहुत से लोग आज भी चुनाव में मतदान करने नही आते हैं। इस कारण अयोग्य व्यक्ति भी चुनाव जीत लेते हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करके मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चाहिए। मैं खुद भी मतदान करने जाऊंगा, दूसरों को भी ले जाऊंगा। इसके अलावा कौन सी पार्टी युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा पर ध्यान देती है। यह भी कारगर रहेगा। विकास के साथ राष्ट्रीय मुद्दे भी युवाओं को प्रभावित करेंगे।



## जानिए आदर्श आचार संहिता ...

आदर्श आचार का पालन करना अनिवार्य है। यदि मंत्री संस्था या पार्टी की ओर से आम सभा आयोजित करते हैं, तो सभा की व्यवस्था नहीं की जाए। केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि कोई मंत्री चुनाव के कार्य से कहीं जाते हैं, तो शासकीय कर्मचारी तथा अधिकारी उनके साथ नहीं जाएंगे। मंत्रियों के आगमन के संदर्भ में निर्वाचन आयोग के उल्लेखित निर्देशों को ध्यान में रखकर उनका परिपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग का निर्देश भी उसी स्थिति के लिए हैं, जब भारत निर्वाचन आयोग के उपरोक्त परिपत्र में उल्लेखित अपवादिक स्थितियों में भ्रमण शासकीय भ्रमण हो। उन अधिकारियों को छोड़कर, जिन्हें ऐसी सभा या आयोजन में कानून एवं व्यवस्था के लिए, सुरक्षा के लिए, या कार्यवाही नोट करने के लिए तैनात किया गया हो, दूसरे अधिकारियों को ऐसी सभा या आयोजन में शामिल नहीं होना चाहिए।

**जो हो न सका...**

## स्टार्टअप के लिए बिना ब्याज के 50 लाख मिलना थे, पांच साल से इंतजार, 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने किया था आवेदन

भोपाल संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए संकल्प पत्र जारी करते हुए वर्ष 2019 में युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को 50 लाख रुपए तक का कर्ज बिना किसी सिक्योरिटी के देने का वादा किया और इसके प्रयास भी शुरू कर दिए थे। भोपाल के करीब 10 हजार युवाओं ने इसके लिए आवेदन करना शुरू किया, जो दिल्ली तक पहुंचाए गए, लेकिन उस पर अमल आज तक नहीं हो पाया। उसी दौरान देश में 50000 नए स्टार्टअप स्थापित करने की भी प्लानिंग बनी और भोपाल को प्रमुखता से प्रोत्साहन के लिए संगठित प्रयास का वादा किया गया। इसमें सिर्फ 5 प्रतिशत युवाओं ने स्वयं के प्रयास से स्टार्टअप स्थापित किए। अन्य युवा इसके इंतजार में रहे कि सांसद के माध्यम से स्टार्टअप स्थापित किया जाए, लेकिन उनकी फाइल दिल्ली में अटक गईं। अगर भोपाल के सभी आवेदन करने वाले युवाओं के स्टार्टअप स्थापित हो जाते तो दो लाख लोगों को रोजगार मिल जाता और एक नई फील्ड उद्योग जगत के लिए बन जाती। युवाओं का कहना है कि अब क्या कहें, उसके लिए जो हो न सका।

### बैंक मांग रहे प्रॉपर्टी के दस्तावेज




सबसे बड़ी समस्या स्टार्टअप स्थापित करने में यह है कि बिना मार्डगेज के लोन नहीं मिल रहा। बैंक पहले जमीन आदि अन्य कागजात मांगते हैं, जबकि केंद्र सरकार ने बिना किसी शर्त और बिना किसी कागजात और बिना ब्याज के पैसे देने की बात कही है। इस कारण कई युवा स्टार्टअप स्थापित करने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

---

### नक्सलियों के शव समेत हथियार बरामद

# पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ नक्सली डिप्टी कमांडर समेत छह ढेर

### मारे गए नक्सलियों पर था लाखों का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर जिले के चिपुरभट्टी-पुसबाका के पास वन क्षेत्र में बुधवार की सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में पुलिस ने एक नक्सली डिप्टी कमांडर समेत छह नक्सलियों को मार गिराया हैं। वहीं घटना स्थल से नक्सलियों के शव समेत हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल हैं। मामला बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है।



मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की पहचान पूनेम नागेश पिता मासा, निवासी चिपुरभटटी, पदनाम-प्लाटून नम्बर 10 डिप्टी कमांडर, इनाम - 05 लाख, कोवासी गंगी पिता बंडी, 27 वर्ष निवासी - बोड़ागुड़ा थाना एर्राबोर जिला सुकमा, पदनाम - एसीएम, एरिया सीएनएम अध्यक्ष, जगरगुण्डा एरिया कमेटी इनाम- 05 लाख, आयतू पूनेम पिता कोवा, 28 वर्ष निवासी चिपुरभटटी, पदनाम - प्लाटून नम्बर 10 सदस्य, इनाम - 02 लाख, वेटटी सोनी पति नागेश, उम्र 30 वर्ष, निवासी गुण्डम छिटिमपारा थाना तर्रेम, पदनाम-प्लाटून नम्बर 10 सदस्य, इनाम - 02 लाख, सुक्का ओयाम ऊर्फ विकास ऊर्फ गुडडी पिता मासे, उम्र 40 वर्ष निवासी टेकलगुड़ा, पदनाम - स्मॉल एक्शन टीम कमांड, नुप्पो मोका पिता गंगा उम्र 30 वर्ष निवासी पटेलपारा नरसापुर, पदनाम मिलिशिया सेक्शन कमांडर के रूप में हुई है।

## अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी ने स्लम के बच्चों संग मनाया होली मिलन समारोह

**फरीदाबाद।** अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होली मिलन समारोह कम्यूनिटी सेन्टर, सेक्टर 31, फरीदाबाद में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दीपाली कौशिक और शरत वोहरा द्वारा बच्चों को स्टेशनरी वितरित किया गया और उन्होंने कहा कि वेलफेयर स्लम्स के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही है, जिसके लिए वे बधाई का पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि बृजेश मालवीय ने कहा कि वह वेलफेयर के उत्थान के लिए हरसंभव मदद करेंगे। वेलफेयर की संरक्षक डॉ. प्रीता पवार ने बच्चों का मुंह गुजिया से मीठा कराया और कहा कि यह बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की बात की। ममता मित्तल ने सभी को मिठाई और स्नैक्स वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव कोहली ने सभी का स्वागत किया और कहा कि हम सब मिलकर वेलफेयर को आगे बढ़ाने में हमेशा ही प्रयत्नशील रहेंगे। संस्थापिका और राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने कहा कि कोई भी काम अकेले संभव नहीं है, इसमें पूरी टीम का साथ और सहयोग होता है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित सदस्य रेशमी गोप्पी, सुनीता शर्मा, डोरी शर्मा, डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, सुशीला देवी, मधु वशिष्ठ, एम. डी. वशिष्ठ का आभार व्यक्त किया और सबसे निवेदन किया कि उनका साथ और सहयोग हमेशा ही मिलता रहे। कार्यक्रम में फूलों वाली होली खेली गई और कविता पाठ का आयोजन भी किया गया।




**होली उत्सव के बाद विशेष रेलगाड़ियां-2024**

उत्तर रेलवे द्वारा होली के उपरान्त रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**04069/04070 नई दिल्ली–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04069 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 04070 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | — |
| 12:00 | — | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | — | 20:25 |

चलने के दिन : 04069 नई दिल्ली से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04070 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से रविवार दिनांक 31.03.2024 को।
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04082/04081 नई दिल्ली–वाराणसी जं.–नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04082 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 04081 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 20:45 | नई दिल्ली | 12:30 | — |
| 13:00 | — | वाराणसी जं. | — | 21:00 |

चलने के दिन : 04082 नई दिल्ली से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04081 वाराणसी जं. से रविवार दिनांक 31.03.2024 को।
ठहराव : गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04085/04086 वाराणसी जं.–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–वाराणसी जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04085 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 04086 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 14:00 | वाराणसी जं. | 23:45 | — |
| 17:50 | — | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | — | 21:30 |

चलने के दिन : 04085 वाराणसी जं. से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को।
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., लखनऊ (एनआर), बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04412/04411 हज़रत निज़ामुद्दीन–उज्जैन जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04412 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 04411 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 04:40 | — |
| 10:50 | — | उज्जैन जं. | — | 15:00 |

चलने के दिन : 04412 हज़रत निज़ामुद्दीन से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04411 उज्जैन जं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को।
ठहराव : मथुरा, कोटा, नागदा जं. एवं रतलाम स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**04096 नई दिल्ली–पटना जं. एकतरफा अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04096 प्रस्थान ↓ | आगमन |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 19:05 | — |
| पटना जं. | — | 12:50 |

चलने के दिन : 04096 नई दिल्ली से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को।
ठहराव : गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य

**04088/04087 दिल्ली जं.–सहरसा जं.–दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:00 | दिल्ली जं. | 13:15 | — |
| 03:15 | — | सहरसा जं. | — | 07:30 |

चलने के दिन : 04088 दिल्ली जं. से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 04087 सहरसा जं. से शनिवार दिनांक 30.03.2024 को।
ठहराव : मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य

**05551/05552 सहरसा जं.–आनंद विहार टं.–सहरसा जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05551 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 05552 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 09:30 | सहरसा जं. | 06:30 | — |
| 05:15 | — | आनंद विहार टं. | — | 09:30 |

चलने के दिन : 05551 सहरसा जं. से बृहस्पतिवार दिनांक 28.03.2024 को एवं 05552 आनंद विहार टं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को।
ठहराव : सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., छपरा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।
स्थान : सामान्य

**05575/05576 सहरसा जं.–आनंद विहार टं.–सहरसा जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05575 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 05576 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 09:30 | सहरसा जं. | 06:30 | — |
| 05:15 | — | आनंद विहार टं. | — | 09:30 |

चलने के दिन : 05575 सहरसा जं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को एवं 05576 आनंद विहार टं. से शनिवार दिनांक 30.03.2024 को।
ठहराव : सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., छपरा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान

**05119/05120 छपरा जं.–आनंद विहार टं.–छपरा जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05119 आगमन | प्रस्थान ↓ | स्टेशन | ↑ रेलगाड़ी सं. 05120 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 17:45 | छपरा जं. | 09:30 | — |
| 11:50 | — | आनंद विहार टं. | — | 14:50 |

चलने के दिन : 05119 छपरा जं. से शुक्रवार दिनांक 29.03.2024 को एवं 05120 आनंद विहार टं. से शनिवार दिनांक 30.03.2024 को।
ठहराव : सीवान, देवरिया, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# भारत के आंतरिक मामले में नसीहत न दें यूएस-जर्मनी

भारत के आंतरिक मामले में किसी भी देश को न दखल देना चाहिए और न ही टीका-टिप्पणी करनी चाहिए। हाल में दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी पर पहले जर्मनी व उसके बाद अमेरिका ने जिस तरह टिप्पणी की वह एक संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में दखल जैसा है। मौजूदा राजग सरकार की नीति भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो ऑलरेंस की रही है। भारतीय राजनीति में कदाचार आजादी के वक्त से रहा है, व्यक्तिगत व नीतिगत दोनों स्तर पर सरकारों में भ्रष्टाचार का अतीत रहा है। सत्ता पक्ष नीतिगत परिवर्तन कर चहेतों को फायदा पहुंचाता रहा है। करप्शन के मामले उजागर भी होते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक कठोर है। चूंकि करप्शन के खिलाफ ईडी के एक्शन अधिकांश विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं, इसलिए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ईडी सरकार के इशारे पर सिलेक्टिव होकर काम कर रहा है, जबकि वास्तविता में ऐसा नहीं है। आजादी के बाद से राजनीतिक दलों के अधिकांश नेता 'कांग्रेस कल्चर' फलित-फूलित हैं, ऐसे में नीतिगत भ्रष्टाचार उनके लिए बड़ा मुद्दा नहीं लगता है, जबकि मौजूदा मोदी सरकार व्यक्तिगत और नीतिगत दोनों प्रकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है, इसलिए जद में नेता व अफसर दोनों हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में सैकड़ों भ्रष्ट व सुस्त अफसरों की छुट्टी हुई है, भ्रष्टाचार के लूपहोल्स वाली तमाम स्कीमों का पोस्टमार्टम हुआ है, स्कीमस को पारदर्शी बनाए गए हैं, भ्रष्टाचार कर भागने वालों पर कानून शिकंजा कसा गया है और अब वे नेता रडार पर हैं, जो व्यक्तिगत या नीतिगत भ्रष्टाचार के आरोपित हैं। भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, सीबीआई आदि की कार्रवाई पर अमेरिका व जर्मनी जैसे राष्ट्र को सतही प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन न ही राजनीति से प्रेरित है और न ही लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के मकसद से है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और बड़ी बात है, जब जब सत्ता पक्ष की ओर से लोकतंत्र के खिलाफ कोई प्रयास हुआ है, तो जनता ने कड़ा प्रतिकार किया है। कांग्रेस के समय आपातकाल के दौरान ऐसा ही देखने को मिला था। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ऐसे ही जर्मनी के प्रति भारत कर चुका है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। खुद अमेरिका ने इराक में क्या किया, अफगानिस्तान में क्या किया? जो बाइडन की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जांच की। अमेरिकी करतूतों के अनेक उदाहरण हैं, जो मानवाधिकार से लेकर लोकतंत्र तक के खिलाफ हैं। अमेरिका कश्मीर मामले में भी मध्यस्थ बनने की अनर्गल पेशकश कर चुका है, जिसे भारत ठुकरा चुका है। अमेरिका व जर्मनी भारत के आंतरिक मामले की चिंता न करें और किसी प्रकार की टीका टिप्पणी न करें, दोनों मुल्कों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, ये बने रहें।

## कड़वे बोल

बाल मुकुन्द ओझा



# ऊल-जलूल और विवादित बयानों से न बिगड़े फ़िज़ा

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही मौसमी गर्मी के संग चुनाव प्रचार की गर्मी देश भर में प्रचंड रूप लेने जा रही है। इसी के साथ नेताओं के विवादित, अभद्र और शर्मसार करने वाले बयानों ने भाषा की मर्यादा को तार तार करके रख दिया है। नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल-जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते हैं। चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कांग्रेस की एक प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंडी से भाजपा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत पर बेहद विवादस्पद टिप्पणी कर आग में घी डालने का कार्य किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस समय ईडी की हिरासत में है। केजरीवाल की पार्टी आप के नेताओं ने इस गिरफ़्तारी से बौखलाकर प्रधानमंत्री पर जिस भाषा में आरोप प्रत्यारोपों की बौछारे शुरू की है वह निश्चय ही लोकतंत्र के लिए घातक है। तमिलनाडु के नेता लगातार अभद्र बयान दे रहे है। वहीं कांग्रेस के नेता यह कहने लगे है तानाशाह मोदी जीत गए तो यह आखिरी चुनाव होगा। मोदी के परिवार को लेकर पहले ही अभद्र टिप्पणियां मीडिया में सुर्खियां लिए हुए है।

कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुक़दमे भी दर्ज हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे हैं। नफरत और घृणा के इस महासागर में सभी सियासी पार्टियां डुबकी लगा रही है। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं, उन्हें देखकर लगता नहीं है कि यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं के भाषण और टीवी चैनलों को नफरती भाषण फैलाने का जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में कई बार टेलीविजन चैनलों को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टेलीविजन चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीवी चैनल ऐसे एजेंडे से संचालित होते हैं, जो विभाजन पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीवी चैनल सनसनीखेज न्यूजों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपने धनदाताओं (मालिकों) के आदेश के अनुसार काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक 'बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज़ चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजकल सब कुछ टीआरपी से संचालित होता है और चैनल एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तथा समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं।

पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है। जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते हैं राजनीति के हमाम में सब बयानवीर हैं। यहाँ तक तो ठीक है मगर बयानों का नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आ जाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी-गिरामी नेता और मंत्री भी मौके-बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है। ऐसे में केंद्रीय चुनाव आयोग को चाहिए कि बदरंग बयान देकर सामाजिक व सांस्कृतिक फिजा बिगाड़ने वाले बयानवीर नेताओं के खिलाफ कठोर एक्यान लें। वुनाव आयोग ने अपनी गाइडलाइन में नेताओं को नफरती बयानों से बचने की हिदायत दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राजनीति

प्रमोद भार्गव

# जाति गणना कांग्रेस परंपरा के विरुद्ध

कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के ऐतिहासिक रुख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था।

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के एतिहासिक रूख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था। अतएव इस परंपरा से पीछे हटना इंदिरा और राजीव की विरासत के अपमान के रूप में समझा जाएगा। परतंत्रता के दौरान फिरंगी हुकूमत ने पहली बार जातिवार गिनती कराई थी, लेकिन स्वतंत्र भारत में नेहरू जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसकी जरूरत को सिरे से नकार दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोर-शोर से बिहार में केंद्र सरकार की इच्छा के विरुद्ध जातीय गणना कराई थी। तभी से राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन ने इसे मुद्दा बनाकर पूरे देश में जातिवार गाणना कराने की मांग शुरू कर दी है। लेकिन अब उन्हीं नीतीश कुमार ने राजग गठबंधन में शामिल होकर इस मांग को हशिए पर डाल दिया है। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया था, लेकिन उसके आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। यह गिनती इतनी जरूरी है तो राहुल इसी के आंकड़े क्यों उजागर करवा रहे? कर्नाटक में तो उन्हीं की कांग्रेस सरकार है।

यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद करते हैं। इसलिए जातिगत आरक्षण का प्रतिशत भविष्य में बढ़ाया जा सकता है ? नीतियां बनाने में भी जातीय गिनती की रिपोर्ट को अमल में लाया जा सकता है। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, राजद, जदयू जाति आधारित और असदुद्दीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी ? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंध लगा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में पिछड़ों का ही वर्चस्व है। स्वयं मोदी इसी वर्ग से आते हैं। इसी वर्ग के एचडी देवगौड़ा भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत



अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतीश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागार किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने?

इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्श से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले? लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय वर्षा कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्श पर अमल करें। दरअसल, जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है? हालांकि भारत में 1931 की जातिगत जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्शतः कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्य-प्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्य-प्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्याबल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी।

जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता ? क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। निजी क्षेत्र में भी आरक्षण देने की मांग की जा रही है। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती, तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता।

एक समय आरक्षण का सामाजिक न्याय से वास्ता जरूर था, लेकिन सभी जाति के लोगों द्वारा शिक्षा हासिल कर लेने के बाद जिस तरह से देश में शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, उसका कारगर उपाय आरक्षण जैसे चुक गए औजार से संभव नहीं है? लिहाजा सत्तारूढ़ दल अब सामाजिक न्याय से जुड़े सवालों के समाधान रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर निकालेंगे तो बेहतर होगा ? यदि वोट की राजनीति से परे अब तक दिए गए आरक्षण के लाभ का ईमानदारी से मूल्यांकन किया जाए तो साबित हो जाएगा कि यह लाभ जिन जातियों को मिला है, उनका समग्र तो क्या आआंशिक कायाकल्प भी नहीं हो पाया? कांग्रेस जाति गणना के विरोध में रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित

### दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित

### प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती।

तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### लोकतंत्र की रक्षा का सुंदर प्रयास

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक शानदार निर्देश देते हुए देश के सभी राजनीतिक दलों को यह आदेश दिया है कि जिस प्रत्याशी को भी वह संसद के लिए अपना उम्मीदवार बना रहे हैं उसका सारा आपराधिक रिकार्ड, अगर वह अपराधी है, तो चुनाव आयोग को भेजा जाए और साथ ही यह सारी जानकारी सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को दी जाए। यह भी कहा गया है कि यह कारण बताया जाए कि आखिर आपराधिक छवि वाले को टिकट क्यों दिया गया। इस आदेश को लागू करने की सारी जिम्मेवारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा।

- **मोहन वर्मा**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# पेंटागन का इजराइल से लोगों की रक्षा का आग्रह

अमेरिका के रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों ने इज़राइल के अपने समकक्षों से मंगलवार कोकहा कि दक्षिणी शहर रफह में कोई भी सैन्य अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता वितरण को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से किया जाए। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इज़राइल के रक्षा मंत्री ने इस बात को सुना लेकिन यह साफ नहीं है कि इस बैठक का गाज़ा के लिए इज़राइल की योजना और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर क्या असर पड़ेगा।



अमेरिकी नेता रफह में ज़मीनी हमले के खिलाफ लगातार चेता रहे हैं और वैकल्पिक और सटीक लक्ष्य साधकर अभियान चलाने पर जोर दे रहे हैं। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में हुई 90 मिनट की बैठक को बहुत ही सार्थक और विचारपूर्ण बताया, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने गाज़ा में मानवीय स्थिति में सुधार की शर्त पर इज़राइल को भविष्य में अमेरिकी सैन्य सहायता देने की बात कही है तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। अधिकारी के मुताबिक, ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका सशस्त्र संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुसार इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार का समर्थन करना जारी रखेगा।

## ऑफ बीट

# वॉर्म मून क्या है, यह वसंत की शुरूआत का प्रतीक है

उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों की अंतिम पूर्णिमा का चंद्रमा जिसे वॉर्म मून कहा जाता है 25 मार्च को दिखाई दिया। इसका नाम मूल अमेरिकियों के कारण पड़ा, जो



जाती सर्दियों में मिट्टी पर केंचुओं के रेंगने से बने निशान से सर्दियों के अंत का जश्न मनाते थे। पूर्णिमा के सामान्य नाम आमतौर पर मौसमी जानवरों, रंगों या फसलों से आते हैं: वुल्फ मून, पिंक मून, हार्वेस्ट मून। लेकिन वॉर्म मून अपना महत्व खो रहा है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के अधिकांश हिस्सों में गर्मियां बढ़ रही हैं और सर्दियां कम हो रही हैं। मैं तीन दशकों से अधिक समय से केंचुआ वैज्ञानिक रहा हूं, और हाल ही में, मैं उन महीनों में सतह पर कीड़ों के लक्षण देख रहा हूं जब वे निष्क्रिय हुआ करते थे। यह पता लगाने के लिए कि वॉर्म मून कैसे बदल रहा है, हम एक विशेष केंचुए की प्रजाति (लुम्ब्रिकस टेरेसट्रिस, उर्फ द ड्यू वॉर्म , नाइटक्रॉलर या लोब वॉर्म) को देख सकते हैं, जिसे ट्रैक करना असामान्य रूप से आसान है। कभी-कभी इसे सामान्य केंचुआ भी कहा जाता है, यदि आपको बगीचे में कोई बड़ा वॉर्म दिखाई देता है, तो संभावना है कि यह इसी प्रजाति का वॉर्म है। अधिकांश वॉर्म अपना अधिकांश जीवन भूमिगत बिताते हैं, लेकिन ओस का वॉर्म अपनी गहरी बिल को लगभग पूरी तरह से छोड़ देता है, अपने निशान अंदर छोड़ देता है।

## ट्रेंड

### गरबा की वैश्विक लोकप्रियता



गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। यह लोगों को एक साथ लाता भी है। यह जानकर खुशी होती है कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है! कुछ समय पहले, गरबा को यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में जगह मिली।

-नरेन्द्र मोदी, पीएम

### विनम्र श्रद्धांजलि



रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### रोजगार नहीं दे सकती भाजपा



देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। भारत के कुल कार्यबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में यह 65.7 प्रतिशत है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### सभी दलों में परिवारवाद



वंशवादी राजनीति भारत की संस्कृति का हिस्सा है। यह पश्चिम की तुलना में भारत में सामान्य बात है कि एक पिता अपने बेटे से अपने पेशे का अनुसरण करने की अपेक्षा करता है और यह ऐसे ही चलता रहता है। सभी दलों में किसी न किसी स्तर का परिवारवाद, वंशवाद है, भाजपा में भी।

-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






# यूपी सपा में घमासानः एक ही सीट से दो उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यूपी की मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी उम्मीदवार को लेकर कंफ्यूजन बढ़ गया है। बुधवार को इस सीट से बतौर सपा उम्मीदवार रुचि वीरा ने भी पर्चा भर दिया। जबकि पार्टी के वर्तमान सांसद एसटी हसन मंगलवार को नामांकन कर चुके थे। मुरादाबाद में मंगलवार को पूरे दिन कैंडिडेट बदले जाने की चर्चा रही। फिर बुधवार को खबर आई कि अखिलेश यादव ने रुचि वीरा को नामांकन से रोक दिया है। माना जा रहा था कि अब विवाद थम जाएगा एसटी हसन ही उम्मीदवार होंगे। लेकिन थोड़ी देर बाद ही रुचि वीरा नामांकन के लिए पहुंच गईं। उन्होंने नामांकन करने के बाद यह कहकर कंफ्यूजन बढ़ा दिया कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें ही उम्मीदवार बनाया है। उनके कहने पर ही वह पर्चा भर रही हैं।

बता दें कि मंगलवार को रुचि वीरा का नाम सामने आने के बाद मुरादाबाद में सपाइयों ने विरोध किया था। उनके पोस्टर जलाए गए। इसके बाद रुचि वीरा को नामांकन से रोक दिया गया। लेकिन बुधवार दोपहर रुचि वीरा नामांकन के लिए अचानक कचहरी परिसर पहुंच गईं। इस दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर एसटी हसन हमारे बड़े भाई हैं। सपा गठबंधन से हम ही प्रत्याशी हैं। हालांकि उनके नामांकन के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष मौजूद नहीं रहे।

एसटी हसन का टिकट कटने के बारे में पूछे जाने पर रुचि वीरा ने कहा कि मुझे इस बारे में पता नहीं है। आप यह उनसे ही पूछिए। लखनऊ मुख्यालय से उनको नामांकन से रोके जाने के सवाल पर रुचि ने कहा कि मैंने नामांकन किया है। मुझे किसी ने रोका नहीं है। पार्टी उम्मीदवार मैं ही हूं। रुर्चा के इस दावे और एसटी हसन समर्थकों की नाराजगी के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार आखिर है कौन? इस सवाल का जवाब अब समाजवादी पार्टी हाईकमान यानी अखिलेश यादव को ही तय करना है। फिलहाल, मुरादाबाद में उनके फैसले का बेसब्री से इंतजार हो रहा है।



- रुचि वीरा और आजम खान के पुतले फूंके
- उम्मीदवारों को नामांकन भरने से रोकने का प्रयास
- रामपुर सीट के लिए चार्टर्ड प्लेन से भेजा नामांकन पत्र

मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस और विवाद गहरा गया है। इस सीट से वर्तमान सांसद एसटी हसन मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सिंबल से नामांकन कर चुके हैं। इसके बाद रुचि वीरा ने भी इसी सीट सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। ऐसे में हसन के समर्थकों का रुचि वीरा और आजम दोनों पर गुस्सा फूट पड़ा। समर्थकों का कहना है कि आजम खान को रामपुर की राजनीति पर ध्यान देना चाहिए ना कि मुरादाबाद की।

## मुरादाबाद में सपा से रुचि वीरा ने भी पर्चा भरा, एसटी हसन पहले ही कर चुके थे नामांकन

## रामपुर सीट पर बढ़ा विवाद, शाही इमाम के लिए भेजा चार्टर्ड प्लेन

रामपुर में काफी जद्दोजहद के बाद सपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी का नाम फाइनल किया है। नदवी दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। वे मूल रूप से रामपुर के रजानगर के रहने वाले हैं। उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। वहीं, रामपुर जिला ईकाई में आजम खान समर्थकों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। आजम खान के समर्थक कह रहे हैं कि अखिलेश यादव रामपुर से चुनाव लड़ें। रामपुर में सपा नेता आसिम रजा ने भी नामांकन पत्र खरीदा है, जिससे पार्टी की टेंशन बढ़ गई है। आजम समर्थकों को मनाने की कवायद तेजी से चल रही है। शिवपाल यादव खुद सीतापुर जाकर आजम खान से बात करेंगे। असमंजस और कन्फ्यूजन के बीच सपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने लखनऊ से एक चार्टर्ड प्लेन बुक कराया है। इस चार्टर्ड प्लेन से मुरादाबाद और रामपुर के उम्मीदवार के नाम का अधिकृत लेटर भेजा गया, ताकि समय रहते नामांकन पत्र दाखिल करवाया जा सके।



### मेरठ के उम्मीदवार पर भी सहमति नहीं

वहीं, मेरठ को लेकर कहा जा रहा है कि सपा के घोषित उम्मीदवार भानु प्रताप सिंह को लेकर स्थानीय स्तर पर सहमति नहीं बन पा रही है। यही वजह है कि बड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने आम चुनाव से दूरी बना ली थी। नेताओं की नाराजगी को देखते हुए पार्टी हाईकमान ने उन्हें लखनऊ बुलाया है। पार्टी वर्कर्स का कहना है कि किसी स्थानीय नेता को ही उम्मीदवार बनाया जाए. माना जा रहा है कि मेरठ सीट पर उम्मीदवार को लेकर भी बड़ा फैसला लिया जा सकता है।



### महुआ और हीरानंदानी को भेजा समन

लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने फेमा मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा को समन जारी किया है। साथ ही, बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी को भी ईडी ने समन भेजकर 28 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। मोइत्रा के सहयोगी सुहान मुखर्जी से ईडी दिल्ली में पूछताछ कर रही है। महुआ मोइत्रा और सुहान मुखर्जी के बीच कुछ लेनदेन जांच के दायरे में हैं। पश्चिम बंगाल के एक हाई-प्रोफाइल वकील मुखर्जी टीएमसी से जुड़े कुछ बड़े नेताओं के कानूनी मामले को संभालते हैं। बता दें कि ईडी इससे पहले भी महुआ मोइत्रा को दो बार फेमा के तहत दो बार समन भेज चुकी है। हाल ही में महुआ मोइत्रा ने मामले की जांच के संबंध में ईडी के तरीके को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

## भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची



भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर राज्यों के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा विभिन्न राज्यों में जनसभाएं करेंगे। सभी राज्यों में भाजप के 40-40 दिग्गज नेताओं के नाम हैं। पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीनों राज्यों में जनसभाएं करेंगे। बिहार में स्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को भी जगह मिली है, हालांकि बक्सर से उनका टिकट कट गया है। वहीं, रविशंकर प्रसाद और राजीव प्रताप रूडी का नाम इस लिस्ट से गायब है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सुल्तानपुर से सांसद मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी का नाम नहीं है। इसके साथ ही कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का नाम भी लिस्ट में नहीं है। उत्तर प्रदेश के यादव समुदाय के लिए पार्टी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को स्टार प्रचारक बनाया है। पश्चिम बंगाल में फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और पार्टी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय का नाम भी शामिल है।

### रिंकू ने आप आदमी पार्टी का टिकट ठुकराया भाजपा का दामन थामा

पंजाब लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला जारी है। आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर ईस्ट से आम आदमी पार्टी के विधायक शीतल अंगूरल भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू को आप ने जालंधर से टिकट देने की घोषणा कर दी थी। पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस में रह चुके हैं और उन्होंने जालंधर पश्चिम सीट से 2017 में विधानसभा चुनाव जीता था। हालांकि 2023 में जालंधर सीट पर हुए उपचुनाव में आप ने उन्हें जालंधर से प्रत्याशी बनाया था और वह पिछले एक साल से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



### खिचड़ी चोर के लिए प्रचार नहीं करूंगा कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा

मुंबई प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम ने शिवसेना मुंबई नार्थ वेस्ट सीट से संजय जाधव को टिकट दिए जाने पर आपत्ति जताई है।संजय निरुपम ने कहा कि शिवसेना यूबीटी ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। मुंबई की चार सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो चुका है और एक पर गुरुवार तक कर देंगे। उन्होंने कहा कि 1 सीट कांग्रेस पार्टी को खैरात की तरह दे दी है। मैं इसका विरोध करता हूं। मैं दोनों पार्टी के बीच हुई बातचीत में भी शामिल था। नार्थ वेस्ट के जिस उम्मीदवार को शिवसेना ने टिकट दिया है। उस पर भ्रष्टाचार का आरोप है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी खिचड़ी चोर के लिए चुनाव प्रचार नहीं करूंगा।



## खबर संक्षेप

### पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट 28 साल बाद दोषी करार

**अहमदाबाद।** गुजरात के चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट एक बार फिर से मुसीबत में हैं। 28 साल पुराने ड्रग केस में कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत साल 1996 में भट्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बुधवार को इसी मामले में पालनपुर सेशन कोर्ट में संजीव भट्ट को पेश किया गया, जहां कोर्ट ने सुनवाई के दौरान उन्हें दोषी करार दिया।



### विस्फोट मामले में दो को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ में विस्फोट मामले में बुधवार को पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। दोनों संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मंगलवार रात को पुंछ शहर में जिला अस्पताल के पास एक धार्मिक स्थल से सटी गली में हस्तनिर्मित कच्चे पदार्थ से विस्फोट हुआ, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विस्फोटक जैसी आवाज की जानकारी मिली।



### हिमाचल में मौसम ने बढ़ाई चिंता

**शिमला।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश में चार दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। मौसम खराब हुआ तो चुनाव प्रचार पर असर पड़ेगा। इसको लेकर उम्मीदवारों को चिंता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 28 से 31 मार्च तक प्रदेश के मैदानी व मध्य पर्वतीय जिलों में बारिश की संभावना है। वहीं, उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं।



### विधि आयोग के अध्यक्ष का इस्तीफा

## न्यायमूर्ति अवस्थी ने लोकपाल के तीसरे सदस्य के रूप में ली शपथ

- लोकपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विधि आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने अध्यक्ष पद से 17 महीने के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को उन्होंने लोकपाल के तीन न्यायिक सदस्यों में से एक सदस्य के रूप में शपथ ली। गौरतलब हो कि न्यायमूर्ति अवस्थी ने नवंबर 2022 में पांच सदस्यों के साथ भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष पद के रूप में अपना कार्यकाल ग्रहण किया था। इससे पहले उन्होंने बीते मंगलवार को कानून एवं न्याय मंत्रालय को अपना इस्तीफा सौंपा।

भारत के राष्ट्रपति ने हाल ही में न्यायमूर्ति लिंगप्पा स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। विधि आयोग से पहले न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी 11 अक्टूबर, 2021 से 2 जुलाई, 2022 तक कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। 13 अप्रैल, 2009 से 10 अक्टूबर, 2021 तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के अनुसार, संगठन में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ अन्य सदस्य होते हैं और उन आठ सदस्यों में से चार न्यायिक सदस्य होते हैं जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होते हैं या रह चुके हैं। अन्य चार गैर-न्यायिक सदस्य निष्ठावान और उत्कृष्ट क्षमता वाले लोग हैं जिनके पास भ्रष्टाचार विरोधी नीति, सार्वजनिक प्रशासन, सतर्कता, बीमा और बैंकिंग सहित वित्त से संबंधित मामलों में कम से कम पच्चीस वर्षों का विशेष ज्ञान और विशेषज्ञता है।

वहीं दूसरी ओर लोकपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष, न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं।



### कोलकाता एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

## टेकऑफ से पहले एक दूसरे से टकराए इंडिगो और एयर इंडिया के विमान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा टल गया। जहां इंडिगो एयरलाइंस का विमान एयर इंडिया एक्सप्रेस से जा टकराया लेकिन हालात को जल्द ही संभाल लिया गया और बड़ा हादसा नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक इंडिगो एयरलाइंस के पंख एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान के पंख को छूकर निकल गए। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इंडिगो विमान के पायलटों को भी ड्यूटी से हटा दिया गया है।

- इंडिगो विमान के पायलटों को ड्यूटी से हटाया

एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक यह घटना तब हुई जब एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान कोलकाता में रनवे पर एंट्री का इंतजार कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि किसी अन्य एयरलाइन के विमान के विंगटिप ने हमारे एक विमान को चपेट में ले लिया, हमारा विमान चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाला था रनवे पर चढ़ने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि विमान सुरक्षित है और किसी तरह की बड़ी घटना नहीं घटी है। हम यात्रियों असुविधा के लिए माफी चाहते हैं।

### ईडी की रिव्यू पिटिशन को किया खारिज

## न्यायालय से ईडी को झटकाः मनी लॉन्ड्रिंग पर पुराना आदेश बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला तब नहीं बन सकता है जब तक कि आपराधिक साजिश पीएमएलए एक्ट से जुड़ा न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ईडी की रिव्यू पिटिशन को खारिज करते हुए यह व्यवस्था दी है। इस मामले में अपने फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि ईडी तब आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा-120 का इस्तेमाल कर पीएमएलए का केस नहीं बना सकती है जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो। इस मामले में 29 नवंबर 2023 को कोर्ट ने व्यवस्था दी थी। इसके खिलाफ ईडी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी। कोर्ट के जस्टिस एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल ने अब ईडी की रिव्यू पिटिशन को खारिज कर दी । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 29 नवंबर के फैसले को रिव्यू करने के लिए ईडी की ओर से अर्जी दाखिल की थी।



#### मनी लॉन्ड्रिंग का लिंक जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि ईडी तब आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा-120 का इस्तेमाल कर पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग) का केस नहीं बना सकती है जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एएस ओका की अगुवाई वाली बेंच ने व्यवस्था दी है कि आपराधिक साजिश की धारा का इस्तेमाल उसी अपराध के लिए हो सकता है जिस अपराध के लिए साजिश रची गई हो। मामले में ईडी की ओर से दाखिल रिव्यू पिटिशन खारिज हो गई।

### पांच फीसदी बढ़ जाएंगे दाम

## अगले महीने से महंगा हो जाएगा एक्सप्रेसवे पर सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक अप्रैल से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सफर महंगा हो रहा है। दरअसल, नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक, टोल टैक्स में पांच फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी सफर करना महंगा हो जाएगा। एनएचएआई ने एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर नई दरों पर टोल फीस की वसूली करने का निर्देश जारी किया है। इससे लोगों की जेब पर बोझ बढ़ेगा। बता दें कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली के लिए एनएचएआई ने बीते साल ही नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें सराय काले खां से मेरठ के काशी टोल तक 140 रुपये टोल शुल्क तय किया गया था, लेकिन 1 अप्रैल से यह बढ़कर 155 रुपये हो जाएगा। इससे पहले 25 दिसंबर 2021 से इस एक्सप्रेस वे पर टोल वसूली की योजना थी पर इसे टाल दिया गया था।




### सफल रहा 'पुष्पक' का दूसरा लैंडिंग टेस्ट

## 'पुष्पक' को वायुसेना के चिनूक से ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आरएलवी यानी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल लैंडिंग प्रयोग में एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। दरअसल, इसरो के स्वदेशी स्पेस शटल को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में सफलतापूर्वक लैंड करवाया गया। इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। स्लीक बॉडी और एसयूवी के आकार वाले विंग्ड रॉकेट को पुष्पक विमान नाम दिया गया है। इसे आरएलवी -रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल से लॉन्च किया गया है। इसरो ने इस संबंध में एक्स पर कहा कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एटीआर में लांच किया गया। 'पुष्पक' को वायुसेना के हेलीकॉप्टर चिनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। गौरतलब है कि 2 अप्रैल 2023 को कर्नाटक के चित्र दुर्ग में विमान की टेस्टिंग की थी।

- भारत इसके जरिए स्पेस में मलबे को करेगा कम
- डीआरडीओ और वायुसेना ने विमान की टेस्टिंग की थी



### इस्तेमाल में दोबारा लाया जा सकता है

पुष्पक ऐसा लॉन्च वाहन है जो दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकता है। पुष्पक (आरएलवी-रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ) तकनीक से अंतरिक्ष में उपग्रह पहुंचाने की लागत में काफी कमी आएगी। वहीं इसरो 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन बनाने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा है।

### इसरो प्रमुख ने इस सफलता पर टीम को दी बधाई

बताना चाहेंगे, इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और इसरो जड़त्व प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के साथ पूरा किया था। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने यह सफलता भविष्य के ऑर्बिटल रि- प्रवेश मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुष्पक विमान मिशन की टीम का मार्गदर्शन सुनील पी, कार्यक्रम निदेशक, उन्नत प्रौद्योगिकी और सिस्टम कार्यक्रम, वीएसएससी ने किया।

## सोना 150 रुपए मजबूत, चांदी में 250 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

# आज से बदल रहा ट्रेडिंग का तरीका, सूची में टाटा से लेकर बजाज तक 25 शेयर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आप शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, 28 मार्च यानी गुरुवार से T+0 सेटलमेंट की शुरुआत होने वाली है। इसके पहले चरण में 25 शेयर उपलब्ध होंगे।

T+0 सेटलमेंट का मतलब है कि निवेशक द्वारा शेयर बेचने वाले दिन ही उसके बैंक खाते में पैसे आ जाएंगे। इसी तरह, शेयर खरीदने की प्रक्रिया भी उसी कारोबारी दिन पूरी हो जाएगी। आसान भाषा में समझें तो एक ही कारोबारी दिन में आप शेयर खरीद या बेच सकेंगे। इसके पैसे भी आपके बैंक अकाउंट में आ जाएंगे।

## बेचने वाले दिन ही खाते में पैसे आ जाएंगे, सेबी तीन माह बाद इसकी समीक्षा करेगी

### सेबी ने किया था ऐलान

हाल ही में सेबी ने T+0 रोलिंग सेटलमेंट के बीटा एडिशन की शुरुआत की घोषणा की थी। सेबी तीन महीने और छह महीने के अंत में प्रगति की समीक्षा करेगा और इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। T+0 सेटलमेंट मौजूदा T+1 सेटलमेंट के समानांतर चलेगा। T+1 सेटलमेंट के तहत निवेशक द्वारा शेयर की ट्रेडिंग के अगले कारोबारी दिन उसके पैसे बैंक अकाउंट में आते हैं।



### क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्प बढ़ना एक कारण

इस महीने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के कार्यक्रम के मौके पर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा था कि बाजार नियामक का तेजी से सेटलमेंट का कदम क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने के कारण है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा विनियमित बाजार प्रतिस्पर्धी हो और निवेशकों को एक समान लाभ दे।

### सूची में शामिल शेयर

बीएसई की ओर से T+0 सेटलमेंट के लिए एक सूची जारी की गई है। इस सूची में बजाज ऑटो, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलटीआईमाइंडट्री, एमआरएफ, भारतीय स्टेट बैंक, वेदांता, अंबुजा सीमेंट, अशोक लीलैंड, बैंक ऑफ बड़ौदा, बीपीसीएल, बिड़लासॉफ्ट, सिप्ला, कोफोर्ज, डिवीज लैबोरेटरीज, इंडियन होटल्स, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस शामिल हैं।

### शेयर बीटा एडिशन का हिस्सा होंगे

इसके अलावा नेस्ले इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी, पेट्रोनेट एलएनजी, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, टाटा कम्युनिकेशंस, ट्रेंट, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भी T+0 सेटलमेंट के बीटा एडिशन का हिस्सा होंगे।

# जीडीपी के दो प्रतिशत निवेश से 11 लाख नौकरियों का सृजन

- फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने जारी की रिपोर्ट
- करीब 70 फीसदी अवसर महिलाओं को मिलेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश संभावित रूप से 1.1 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। इसमें से करीब 70 प्रतिशत अवसर महिलाओं को मिलेंगे। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। एफएलओ ने भारत की देखभाल (केयर) अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए एक खाका भी पेश किया। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र, छुट्टी नीतियां, देखभाल सेवा सब्सिडी, देखभाल बुनियादी ढांचे में निवेश, देखभाल श्रमिकों के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र शामिल हैं। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने कहा, ' भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मातृत्व अवकाश के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को वित्तीय रूप से समर्थन देने, माता-पिता की छुट्टी नीतियों को संशोधित करने और देखभाल कार्य अवकाश तथा लचीले कार्य विकल्पों को बढ़ावा देने पर विचार कर सकता है।

## मकसद प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे

# कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों की जांच कर रहा है प्रतिस्पर्धा आयोग : चेयरपर्सन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- नियामक डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने उठा रहा कदम
- अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने प्रयास
- प्रतिस्पर्धा कानून से विभिन्न इकाइयों में जागरूकता बढ़ी




भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा है कि सीसीआई कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के उनके तरीके प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं।

चेयरपर्सन ने यह भी कहा कि नियामक प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। आयोग विभिन्न संशोधित नियमों, डिजिटल बाजार में प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों के खिलाफ व्यवस्था के साथ अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों को मजबूत कर रहा है।

### प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर बढ़ी जागरूकता

प्रतिस्पर्धा आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने बातचीत में कहा कि प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर विभिन्न इकाइयों के बीच जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान 'विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने' पर है।

### आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी

इस बारे में और जानकारी दिये बिना, उन्होंने यह भी कहा कि नियामक फिल्म उद्योग खासकर फिल्म वितरकों से संबंधित कुछ मामलों को देख रहा है। कौर के अनुसार, बाजार खराब करने की गतिविधियों को दूर कर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे कुल मिलाकर नवोन्मेष और समग्र आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी।

### डिजिटल बाजार से संबंधित मामलों में तेजी

चेयरपर्सन ने कहा, 'यह सब विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने को लेकर है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बाजार प्रतिस्पर्धी बना रहे और यह सभी संबद्ध पक्षों के लिए निष्पक्ष रूप से काम करे।' कौर ने कहा कि आयोग डिजिटल बाजार से संबंधित मामलों में तेजी ला रहा है। कंपनियां प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने के महत्व को अब समझने लगी हैं।

### फिनटेक क्षेत्र की कुछ कंपनियों की जांच

कौर ने कहा नियामक का ध्यान बड़ी तकनीकी कंपनियों के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और ऑनलाइन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है। कौर ने कहा, 'सीसीआई फिनटेक क्षेत्र की कुछ इकाइयों की जांच कर रहा है। हम देख रहे हैं कि फिनटेक कंपनियां कैसे प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं और क्या इसके जरिये वे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही हैं? मामले में जांच जारी है।'

### गूगल पर फैसले के बाद बाजार पर प्रभाव

गूगल के खिलाफ सीसीआई के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद बाजार पर पड़े प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कौर ने कहा, 'बहुत बदलाव आया है और कंपनियों को यह एहसास हो रहा है कि वे प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होकर बच नहीं सकती हैं। हम नियमों के क्रियान्वयन के साथ-साथ अनुकूल परिवेश बनाने पर भी ध्यान दे रहे हैं। कुल मिलाकर, इन सबका एक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।'

### अमेजन, जोमैटो जैसी कंपनियां

कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने राज्यसभा में अगस्त, 2023 में प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा था कि अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो, स्विगी, व्हाट्सएप और फेसबुक, एप्पल तथा गूगल जैसी कंपनियों के खिलाफ जांच वर्तमान में सीसीआई के समक्ष लंबित है।

## मारुति के कई अधिकारियों की भूमिका में आया बदलाव




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के निदेशक मंडल ने एक अप्रैल, 2024 से विपणन और बिक्री कार्य के नए प्रमुख के रूप में पार्थो बनर्जी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। देश की सबसे बड़ी कार प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बनर्जी फिलहाल सेवा खंड के प्रमुख हैं। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'बनर्जी ने शशांक श्रीवास्तव का स्थान लिया है, जिन्हें विपणन एवं बिक्री प्रमुख के पद से सदस्य कार्यकारी समिति में स्थानांतरित किया गया है।' कंपनी ने तरुण अग्रवाल को एक अप्रैल, 2024 से इंजीनियरिंग प्रमुख के रूप में नामित किया गया है। बनर्जी ने सी वी रमन की जगह ली है, जिन्हें सदस्य कार्यकारी समिति में भेजा गया है।

मेरे मुवक्किला राम प्यारी एवं श्री गजेन्द्र सिंह दम्पत्ति निवासी 38, ब्लॉक-ई०, पांडव नगर, समसपुर, पटपड़गंज ईस्ट, दिल्ली 91, ने अपने पुत्र भूपेंद्र सिंह पुत्रवधू रेखा को उनके दुर्व्यवहार के कारण रिश्ते तोड़ कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदख़ल कर दिया है। उनके किसी कार्य लेनदेन हेतु मेरा मुवक्किल एवं उनका परिवार ज़िम्मेदार नहीं होगा। एडवोकेट ब्रिजेश कुमार, ऑफ़िस नंबर 2, प्लॉट नंबर 10, पटपड़गंज विलेज, दिल्ली-110091. मोबाइलः +91 9711597050

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदना रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 526 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी 22,100 अंक के पार, निफ्टी के 22 शेयर रहे लाभ में
- रिलायंस और पेट्रोलियम कंपनियों में रही खरीदी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 526 अंक की अच्छी बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी भी 22,100 अंक के ऊपर पहुंच गया। मुख्य रूप से बैंक, वाहन और पेट्रोलियम शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 526.01 अंक की बढ़त के साथ 72,996.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 668.43 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। निफ्टी भी 118.95 अंक की तेजी के साथ 22,123.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 27 नुकसान में रहे।

शेयर बाजार में तेजी को वाहन, बैंक तथा ऊर्जा शेयरों से समर्थन मिला। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) तथा आईटी शेयरों में मुनाफावसूली हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे ज्यादा 3.6 प्रतिशत की बढ़त रही।

## यूएसएआईडी ने वूमेन्स हेल्थ ऐंड लाइवलीहुड एलायंस (वोहला) को किया लॉन्च

**रायपुर।** द यूनाइटेड एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डेवलेपमेंट (यूएसएआईडी) और समाहित द्वारा संचालित कलेक्टिव गुड फ़ाउंडेशन की साझेदारी में वूमेन्स हेल्थ ऐंड लाइवलीहुड एलायंस (वोहला) को लॉन्च किया गया है । इसका मुख्य लक्ष्य देश भर के वंचित व पिछड़े समुदायों से ताल्लुक रखने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके आर्थिक उत्थान के अंतर्संबंधों को रेखांकित करते हुए महिलाओं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाना है । वोहला का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को यौन व प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां, सेवाएं व तमाम उत्पाद मुहैया कराना और उनका सशक्तिकरण करना है । इसके अतिरिक्त महिलाओं को आर्थिक व डिजिटल रूप से शिक्षित करना भी उनके मुख्य उद्देश्यों में शामिल है जिससे उन्हें प्राप्त होने वाले कामकाजी अवसरों में बढ़ोत्तरी हो और कामजाम में उनकी सहभागिता बढ़े । समाहिता सोशल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ प्रिया नाईक ने इस अवसर पर कहा, ‘वोहला द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों के अंतर्गत हम महिलाओं और लड़कियों के कल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं ।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक 26.03.2024
शुद्धिपत्र –V
विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 02.05.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 04.04.2024 को स्थगित कर 02.05.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड, दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in
920/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शेख बारिक, पुत्रः शेख सैमुल, पताः टी–795, गली नं. 7, बलजीत नगर, दिल्ली और गांव छिबौलिया, पुलिस थाना दिलारपुर, पुलिस थाना मनिहारी, जिला कटिहार, बिहार** ने **FIR No. 425/2016, U/s 392/394/411/34 IPC, पुलिस थाना पटेल नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शेख बारिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शेख बारिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 48/2020, U/s 411 IPC, पुलिस थाना पटेल नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **शेख बारिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2024 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
महानगर दण्डाधिकारी (पश्चिम)
कमरा नं. 145
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3522/CD/2024

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# दुनिया का सबसे मजबूत इंश्योरेंस ब्रांड बनी एलआईसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम का परचम पूरी दुनिया में फहरा गया है। लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) को पूरी दुनिया का सबसे मजबूत इंश्योरेंस ब्रांड चुना गया है। एलआईसी ने दुनिया की सभी दिग्गज बीमा कंपनियों को पीछे छोड़कर लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है।

ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100 रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी टॉप इंश्योरेंस ब्रांड बना है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एलआईसी की ब्रांड वैल्यू 9.8 अरब डॉलर आंकी गई है। एलआईसी को ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स पर 88.3 का स्कोर मिला है और एएए रेटिंग भी। इस रिपोर्ट में में दूसरे नंबर पर कैथी लाइफ इंश्योरेंस रही है। एनआरएमए इंश्योरेंस ने तीसरे नंबर पर कब्जा जमाया है।

### एनआरएमए की ब्रांड वैल्यू में 82 फीसदी का उछाल

रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान की कैथी लाइफ इंश्योरेंस की ब्रांड वैल्यू में 9 फीसदी का इजाफा हुआ है। कंपनी की ब्रांड वैल्यू 4.9 अरब डॉलर आंकी गई है। उधर, ऑस्ट्रेलिया की एनआरएमए इंश्योरेंस की ब्रांड वैल्यू में 82 फीसदी का जबरदस्त उछाल आया और यह 1.3 अरब डॉलर की ब्रांड वैल्यू पर पहुंची है। रिपोर्ट का दावा है कि ग्लोबल रैंकिंग में चीन के इंश्योरेंस ब्रांड आगे रहे हैं। डेनमार्क की बीमा कंपनी ट्रिग की ब्रांड वैल्यू में भी 66 फीसदी का जबरदस्त उछाल आया है और इसने 1.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छू लिया है। एलआईसी इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 में 39,090 करोड़ रुपए पहले साल के प्रीमियम के तौर पर हासिल किए थे। इसके अलावा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस को 15,197 करोड़ रुपए और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस को 10,970 करोड़ रुपए का न्यू बिजनेस प्रीमियम हासिल हुआ था। भारत सरकार ने हाल ही में एलआईसी के कर्मचारियों की वेतन 17 फीसदी बढ़ाई थी।

## शब्द पहेली - 5464



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5463 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5475

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5474 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

मुंबई को 31 रन से हराकर खाता खोला

सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 277 रन बनाए

# रिकॉर्ड: आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीत गया हैदराबाद

भाषा ▶▶| हैदराबाद

- आईपीएल में एक नया रिकॉर्ड कायम किया
- क्लासन ने 34 बॉल पर 80 रन बनाए, अभिषेक-हेड के अर्धशतक
- मुंबई इंडियंस 20 ओवर में 5 विकेट पर 246 रन ही बना सकी



चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तीन विकेट पर 277 रन बनाए जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है। उसने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मुंबई की टीम ने भी कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई। इस तरह से मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स की तरफ से ट्रैविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। मुंबई ने भी तेज शुरुआत की। उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद पर 34 रन) और रोहित शर्मा (12 गेंद पर 26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरूप ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित ने अपनी पारी में तीन जबकि किशन ने चार छक्के लगाए जिसने भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में लगाए गए तीन छक्के भी शामिल हैं। मुंबई की टीम भी आठवें ओवर में 100 रन के पार पहुंचने में सफल रही। वर्मा ने शाहबाज अहमद के एक ओवर में तीन छक्के लगाए जिससे मुंबई 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 141 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। वर्मा ने जयदेव उनादकट पर चौका लगाकर 24 गेंद पर अपना अर्ध शतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने नमन धीर (14 गेंद पर 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद पर 24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की। लेकिन इसके बाद भुवनेश्वर ने पारी के 13वें ओवर में केवल पांच रन दिए। कमिंस ने ऐसे में वर्मा को डीप मिड विकेट पर कैच करा कर मुंबई की परेशानी बढ़ा दी। जब रन और गेंदों के बीच अंतर बढ़ रहा था तब हार्दिक और डेविड अपेक्षित तेजी से नहीं बना पाए। इस बीच 18 गेंद तक कोई चौका या छक्का नहीं लगा।

## सनराइजर्स हैदराबाद

| | |
|---|---|
| मयंक का डेविड बो हार्दिक | 11 |
| हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 |
| अभिषेक का नमन धीर बो चावला | 63 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 80 |
| अतिरिक्त : | 19 |

कुल योगः (20 ओवर में तीन विकेट पर) 277 रन
**विकेट पतन**: 1-45, 2-113 , 3-161
**गेंदबाजी**: मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

## मुंबई इंडियंस

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का अभिषेक बो कमिंस | 26 |
| किशन का मार्कराम बो शाहबाज | 34 |
| नमन धीर का कमिंस बो उनादकट | 30 |
| तिलक वर्मा का मयंक बो कमिंस | 64 |
| हार्दिक पंड्या का क्लासेन बो उनादकट | 24 |
| टिम डेविड नाबाद | 42 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 15 |
| अतिरिक्तः | 11 |

**कुल योगः** 20 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन
**विकेट पतनः** 1-56, 2-66, 3-150, 4-182, 5-224
**गेंदबाजीः** भुवनेश्वर कुमार 4-0-53-0, जयदेव उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज अहमद 3-0 -39-1, पैट कमिंस 4-0-35-2, उमरान मलिक 1-0-15-0, मयंक मार्कंडेय 4-0-52-0



### मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी

मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी और तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी। लेकिन उनादकट ने हार्दिक को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे पहले हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा। मफाका बेहद महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन लुटाए। हार्दिक ने इसके तुरंत बाद जसप्रीत बुमराह को आक्रमण पर लगाया और वह स्वयं छोर बदलकर गेंदबाजी के लिए आए। उनकी यह रणनीति कारगर साबित हुई और इस बार डेविड ने मयंक अग्रवाल (11) का कैच लेने में कोई गलती नहीं की। हेड ने हालांकि हार्दिक के इस ओवर में लगातार तीन चौके लगाकर अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा। उन्होंने गेराल्ड कोएत्जी का स्वागत दो चौके और एक छक्के से करके 18 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस तरह से सनराइजर्स ने पावर प्ले में एक विकेट खोकर 81 रन बनाए। सनराइजर्स का पावर प्ले में यह सर्वाधिक स्कोर है। अभिषेक ने पीयूष चावला पर तीन छक्के जड़े जिससे सनराइजर्स का स्कोर सात ओवर में ही तिहरे अंक में पहुंच गया। कोएत्जी ने अगले ओवर में हेड के तेवरों पर विराम लगाया लेकिन अभिषेक अपने पूरे रंग में दिखे। उन्होंने मफाका पर लगातार दो छक्के लगाकर 16 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया तथा सनराइजर्स की तरफ से कुछ देर पहले हेड के बनाए गए रिकार्ड को थोड़ा। वह हालांकि अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए और चावला पर एक और छक्का लगाने के प्रयास में मिड विकेट पर कैच दे बैठे। सनराइजर्स ने 10 ओवर में दो विकेट पर 148 रन बनाए, जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है।

## खबर संक्षेप



### गोल्फर लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**गुरुग्राम।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे। ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में वापसी करेंगे। एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गई है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अच्छे नतीजे की जरूरत होगी।

### कोच पद के लिए रोंची के संपर्क में पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के



एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, 'कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।'

### पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा : कोच वेस्टवुड



**गुवाहाटी।** विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर जीत के बाद अफगानिस्तान के फुटबॉल कोच एशले वेस्टवुड ने कहा कि मेहमान टीम हमेशा हावी रही और उसे पहले चरण का ड्रॉ हुआ मुकाबला भी जीतना चाहिए था। भारत मंगलवार रात अफगानिस्तान से 1-2 से हार गया देश में फुटबॉल के लिए एक शर्मनाक दिन रहा। मेजबान टीम के लिए एकमात्र गोल अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के पेनल्टी पर किया। अफगानिस्तान के लिए रहमत अकबरी (71वें मिनट) और शरीफ मुखम्मद (88वें मिनट) ने गोल किए।



## उरुग्वे के क्लब कोलोन से जुड़े बिजय छेत्री

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। मणिपुर के 22 साल के छेत्री ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत 2016 में शिलांग लाजोंग के साथ की।

## बोपन्ना-एबडेन ने मियामी ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है। बोपन्ना और एबडेन इससे पहले इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एडीलेड ओपन के फाइनल में खेल चुके हैं।



### मेदवेदेव ने जीता 350वां मुकाबला

गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने कॅरियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने कोफर को 7-6, 6-0 से हराया। शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलेना रिबाकिन ने आठवीं वरीय मारिया सकारी को कड़े मुकाबले में दो घंटे 48 मिनट में 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## सत्र की पहली जीत के लिए तरस रही कैपिटल्स

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7 .30 बजे से



एजेंसी ▶▶| जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को काफी उम्मीद होंगी। पिछले मैच में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सूखी पिच पर राजस्थान रॉयल्स की जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों के खिलाफ परेशानी का सामना करना पड़ा था। संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की बदौलत हालांकि रॉयल्स की टीम 20 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही।

## नोवाक जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

एजेंसी ▶▶| लंदन



शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं।

जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, 'कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।' जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड कार्डधारी के तौर पर विंबलडन का खिताब जीता था।

### श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति में सह-अध्यक्ष नियुक्त

**लुसाने।** भारतीय टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश और चिली महिला टीम की डिफेंडर कैमिला कैरम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की नयी एफआईएच एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जोड़ी एफआईएच में खिलाड़ियों के दृष्टिकोण को रखेगी। एफआईएच एथलीट समिति एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है । यह एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, एफआईएच समितियों, सलाहकार पैनलों और अन्य निकायों को सिफारिशें करती है। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने नियुक्तियों के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, ''खिलाड़ी हमेशा एफआईएच के सभी खेल प्रयासों के केंद्र में रहे हैं। जब एफआईएच ने अपनी नयी 'सशक्तीकरण और सहभागिता' रणनीति जारी की तो इसमें खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण को शामिल किया गया।

### छेत्री ने दागा 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल



**कोलकाता।** भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को इस मैच में 1-2 की शर्मनाक हार मिली।

### बेलिंगहम ने दागा सत्र का 22वां गोल

## इंग्लैंड ने बेल्जियम को 2-2 की बराबरी पर रोका

- फ्रेंडली मैच : पिछले मैच में इंग्लैंड को ब्राजील से मिली थी हार

एजेंसी ▶▶| लंदन



ज्यूड बेलिंगहम के इंजरी टाइम में दागे सत्र के 22वें गोल की मदद से इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां मैत्री फुटबॉल मैच में बेल्जियम को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। रियल मैड्रिड के मिडफील्डर बेलिंगहम ने वेम्बले स्टेडियम में दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी हार से बचाया। शनिवार को इंग्लैंड को ब्राजील के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। योरी टिलेमेंस ने 11वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई थी लेकिन इवान टोनी ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। टिलेमेंस ने 36वें मिनट में एक और गोल करके बेल्जियम को 2-1 से आगे किया। टीम ने अंतिम लम्हों तक बढ़कर बरकरार रखी लेकिन बेलिंगहम ने इंग्लैंड को बराबरी दिला दी।



**जर्मनी ने नीदरलैंड का 2-1 से हरायाः फ्रैंकफर्ट।** स्थानापन्न खिलाड़ी निकलास फल्कबर्ग के गोल से जर्मनी ने यहां मैत्री फुटबॉल मैच में नीदरलैंड को 2-1 से हरा दिया जिससे यूरोपीय चैंपियनशिप से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। नीदरलैंड के गोलकीपर बार्ट वरब्रुगेन ने 85वें मिनट में फल्कबर्ग के शॉट को रोकने का प्रयास किया लेकिन रीप्ले देखने पर पुष्टि हुई की गेंद गोल रेखा को पार कर चुकी थी। जर्मनी की दो मैच में यह दूसरी जीत है। टीम ने शनिवार को फ्रांस को 2-0 से हराया था। इस हार के साथ नीदरलैंड का लगातार चार जीत का क्रम भी टूट गया।

### ब्राजील और स्पेन का मैत्री मैच ड्रॉ

**मैड्रिड।** लुकास पेक्वेटा के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागे गोल से ब्राजील ने मैत्री फुटबॉल मैच में स्पेन को 3-3 से ड्रॉ पर रोका। रीयाल मैड्रिड की ओर से खलने वाले ब्राजील के कप्तान विनिसियस जूनियर को स्थानीय लीग में खेलते हुए कई बार नस्लवाद का सामना करना पड़ा जिसके बाद इस मुकाबले को 'वन स्किन' मैच के रूप में पेश किया गया। ब्राजील ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्रॉ कराया। स्पेन की ओर से रोड्री ने 12वें और 87वें मिनट में पेनल्टी पर दो गोल दागे जबकि एक अन्य गोल डेनी ओल्मो ने किया।

## धोनी ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी थी



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज समीर रिज्वी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में छोटी लेकिन तेज और प्रभावी पारी खेलने को श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को दिया। रिज्वी ने कहा कि जब वह बल्लेबाजी के लिए जा रहे थे तो भारत के इस पूर्व कप्तान ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने ही सलाह दी। टाइटंस के खिलाफ मंगलवार रात रिज्वी ने छह गेंद में 14 रन बनाए जिसमें राशिद खान के खिलाफ दो छक्के भी शामिल हैं। रिज्वी ने कहा, ''भैया (धोनी) ने मुझे उसी तरह खेलने को कहा जैसे मैं आम तौर पर खेलता हूं।'

# सीमापार भी ताकत दिखा सकती है वायुसेना, बालाकोट ऑपरेशन में यह साबित हुआ

## बालाकोट एयर स्ट्राइक पर बोले एयर चीफ मार्शल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने बालाकोट एयर स्ट्राइक पर एक बयान दिया है। 'भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर' सेमिनार में एक संबोधन के दौरान उन्होंने कहा वायु सेना ने बालाकोट जैसे अभियानों से साफ कर दिया है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो सीमा से पार जाकर भी दुश्मन को हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।

भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है और हमें यह स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य में अलग तरीके से युद्ध लड़े जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि राष्ट्र रणनीतिक लाभ के लिए अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों पर तेजी से भरोसा कर रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और हथियारीकरण एक अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि मानव इतिहास में आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

*वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने बालाकोट एयर स्ट्राइक को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो सीमा से पार जाकर भी दुश्मन को ताकत का अहसास दिलाया जा सकता है।*

### बालाकोट ऑपरेशन में 300 आतंकियों की मौत

सेना को इस ऑपरेशन के लिए समय और जगह तय करने की छूट दे दी गई थी। इसके बाद 12 मिराज 200 फाइटर जेट्स एलओसी को पार कर पाकिस्तान में घुस गए। 26 फरवरी को रात में तीन बजे भारत ने देशवासियों से किया वादा पूरा किया दिया था। भारतीय वायु सेना के जांबाज फाइटर मिराज 2000 लेकर बालाकोट तक गए। खुफिया इनपुट के आधार पर जैश ए मोहम्मद के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस हमले में तकरीबन 300 आतंकी मारे गए थे। एयरस्ट्राइक में कई हजार किलो बम बरसाए गए थे। इस प्लान को अंजाम देने की जिम्मेदारी पीएम मोदी ने एनएसए अजित डोभाल को दी थी।

### अंतरिक्ष का सैन्यीकरण जरूरी

वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और शस्त्रीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के तौर पर उभरा है जहां निर्बाध संचार, मार्ग निर्देशन और निगरानी क्षमताएं आधुनिक सैन्य बलों की बने रहने की क्षमता को और बढ़ाएंगी।

- एयरफोर्स चीफ 'भविष्य के संघर्षों में एयरोस्पेस पावर' सेमिनार में हुए शामिल
- मानव इतिहास में आसमान को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया
- स्वीकार करने की जरूरत है कि भविष्य के युद्ध अलग तरीके से लड़े जाएंगे
- राजनीतिक इच्छाशक्ति से दुश्मन को भी दिखाई जा सकती है ताकत

## देश के सैन्य कमांडरों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन आज

# रक्षा मंत्री करेंगे देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के साथ चुनौतियों का आंकलन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड यानी (वीडियो कांफ्रेंसिंग) मोड में शुरू होने जा रहा है, जबकि 1 और 2 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में फिजिकल मोड में आयोजित होगा। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही सैन्य कमांडरों से बातचीत भी करेंगे। सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ अन्य चुनौतियों का भी आकलन किया जाएगा।

*सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ अन्य चुनौतियों का भी आकलन किया जाएगा।*



सम्मेलन में सैन्य कमांडर के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन

1 और 2 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में आयोजन होगा

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 2 अप्रैल को सम्मेलन को करेंगे संबोधित

इसके बाद सीओएएस की अध्यक्षता में आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस की निवेश सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र के कई विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिति सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों और योजनाओं पर विचार-विमर्श करेगी। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य भाषण देंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा रक्षा सचिव और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

### थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे करेंगे सम्मेलन की अध्यक्षता

कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि यह सम्मेलन भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन समीक्षा और समग्र सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। हाइब्रिड मोड में 28 मार्च से शुरू होने वाले सम्मेलन की अध्यक्षता नई दिल्ली में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे करेंगे, जिसमें सेना कमांडर अपने-अपने कमांड मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाग लेंगे।

### सेना का शीर्ष नेतृत्व करेगा गहन विचार

सम्मेलन में उभरते जियो-पॉलिटिक्स परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभावों पर विशेषज्ञों की बातचीत भी होगी। 1 अप्रैल को फिजिकल मोड में सम्मेलन के दौरान सेना का शीर्ष नेतृत्व गहन विचार-मंथन सत्र में शामिल होगा। इन सत्रों में भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया जाएगा।

## जहाज के भारतीय क्रू की बाइडेन ने की तारीफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के बाल्टीमोर में मालवाहक जहाज की टक्कर के बाद 2.5 किलोमीटर लंबा फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया। घटना से पहले भारतीय क्रू दल ने मैरीलैंड अधिकारियों को चेतावनी कॉल की थी, जिससे ट्राफिक रोक दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भारतीय क्रू की सूझबूझ की तारीफ की है।









गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

## जम्मू-कश्मीर से सेना वापस बुलाएंगे, अफस्पा भी हटाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में लागू सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी की अफस्पा को हटाने पर विचार करेगी। एक इंटरव्यू के दौरान गृह मंत्री शाह ने दावा किया कि सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने और यहां की कानून व्यवस्था अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की योजना भी बना रही है। उन्होंने कहा है कि पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज वे अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। हम अफस्पा हटाने के बारे में भी सोचेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सितंबर महीने से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव आयोजित होंगे।

### आरक्षण पर भी बोले शाह

जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के ओबीसी को पहली बार मोदी सरकार ने आरक्षण दिया है। महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण दिया गया। हमने एससी और एसटी के लिए जगह बनाई है। गुज्जर और बकरवालों की हिस्सेदारी कम किए बिना, पहाड़ियों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों को समायोजित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

राजदूत तलब मामला

## अमेरिकी विदेश प्रवक्ता मैथ्यू बोले हम लगातार नजर बनाए रखेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका की टिप्पणी को लेकर भारत ने सख्त नाराजगी जताई है।

विदेश मंत्रालय ने भारत में अमेरिकी कार्यवाहक मिशन उप प्रमुख ग्लोरिया बरबेना को समन भेजने पर वह मंत्रालय पहुंचीं और 40 मिनट तक वहां रहीं। बैठक के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक देश से दूसरे देश की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की उम्मीद की जाती है।

इस पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रीज करने पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे। हम निष्पक्ष कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

भारत दुनिया का तीसरा अरबपतियों का देश

## अरबपतियों के मामले में मुंबई ने चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है जहां सबसे ज्यादा अरबपति रहते हैं। जी हां नई ग्लेबल लिस्ट में पता चला है कि एशिया के सबसे ज्यादा अरबपत लोग मुंबई में रहते हैं।

इस शहर में भारत के सबसे धनी शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का भी घर है। मुकेश अंबानी दुनिया के 10वें सबसे अमीर व्यक्ति भी बन गए हैं। हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक, फिलहाल दुनियाभर में 3,279 अरबपति हैं। चीन में दुनिया के सबसे ज्यादा (814) अरबपति बसते है।



### अरबपति वाले टॉप-10 देश

चीन, यूनाइटेड स्टेट्स, भारत, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, रूस, इटली, फ्रांस, ब्राजीलसबसे ज्यादा अरबपतियों की संख्या वाले टॉप-10 शहर -न्यू यॉर्क (यूएस), लंदन (यूके), मुंबई (भारत), बीजिंग (चीन), शंघाई (चीन), शेन्ज़ेन (चीन), हॉन्ग कॉन्ग (चीन), मॉस्को (रूस), नई दिल्ली (भारत), सैन फ्रांसिस्को (यूएस)।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109